




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 22 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 23 अक्टूबर 2025 डाक 24 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


## आईपीएस रतनलाल डांगी पर एसआई की पत्नी ने लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप, आईजी बोले- ब्लैकमेल कर रही

**रायपुर 23 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के आईपीएस अफसर और वर्तमान में आईजी रैंक पर पदस्थ रतनलाल डांगी पर एक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी ने यौन उत्पीड़न और शारीरिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का दावा है कि डांगी बीते सात सालों से उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करते आ रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। बिलासपुर में पदस्थ एक सब-इंस्पेक्टर की पत्नी ने आला अधिकारियों को दिए पत्र में आरोप लगाया कि आईजी रतनलाल डांगी ने सात वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। महिला ने कहा कि जब उसने डांगी से दूरी बनाने की कोशिश की, तो उस पर धमकियों और दबाव के जरिए संबंध बनाए रखने को मजबूर किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब वह सरगुजा में आइजी थे,



तभी उत्पीड़न की शुरुआत हुई और बिलासपुर आईजी बनने के बाद यह सिलसिला और बढ़ गया। महिला का कहना है कि डांगी अपनी पत्नी की अनुपस्थिति में उसे बंगले पर बुलाते थे और आपत्तिजनक हरकतें करते थे। चंदखुरी पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में तबादला होने के बाद भी उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए परेशान करना जारी रखा। महिला का आरोप है कि डांगी सुबह पांच बजे से रात 10 बजे तक कई बार वीडियो काल पर नजर रखने का दबाव डालते थे। शिकायत में लिखा है कि वह अब तक चुप रही क्योंकि उसके पति की नौकरी खतरे में पड़ सकती थी। आरोप है कि डांगी अक्सर उसे धमकी देते थे कि अगर तुमने विरोध किया तो तुम्हारे पति को नक्सल क्षेत्र में तबादला कर दूंगा।' इधर, आईपीएस रतनलाल डांगी ने डीजीपी अरुणदेव गौतम को लिखित शिकायत देकर खुद पर लगे आरोपों को झूठा और साजिशन बताया है। उन्होंने कहा कि सब-इंस्पेक्टर की पत्नी पिछले कई वर्षों से उन्हें ब्लैकमेल कर रही है और उनके परिवार को मानसिक प्रताड़ना दे रही है। डांगी ने डीजीपी को सौंपे पत्र में लिखा है कि महिला ने उनके वाशरूम और निजी पलों के वीडियो बनाकर उन्हें धमकाना शुरू किया।

## असम में टला बड़ा रेल हादसा, धमाके के बाद ट्रैक क्षतिग्रस्त, कई ट्रेनें लेट


**नई दिल्ली।** नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के अलीपुरद्वार डिवीजन में सलाकाटी और कोकराझार स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक संदिग्ध धमाके की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि ये धमाका रात 1 बजे के करीब हुआ। इस हादसे के कारण 8 से 10 ट्रेनें लेट हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि ट्रैक सुबह 5.25 बजे ठीक कर दिया गया और सुबह 5.30 बजे सामान्य ट्रेन सेवा फिर से शुरू हो गई। वहीं, सेक्शन में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।बताया जा रहा है कि एक मालगाड़ी को इस सेक्शन से गुजरने के दौरान जोरदार झटका लगा, जिसके कारण ट्रेन को रोकना पड़ा।

जांच के दौरान ट्रैक और स्लीपरों को नुकसान का पता चला। इसके बाद ब्लास्ट का शक गहराया। इस मामले को लेकर रेलवे पुलिस सुपरिटेंडेंट, प्रांजीत बोरा ने कहा कि कोकराझार में रेलवे ट्रैक पर नुकसान का पता चला है, जो शायद ब्लास्ट की वजह से हुआ है, मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है और ट्रेनों का आवागमन फिर से शुरू हो गया है।

## बिहार चुनाव 2025: महागठबंधन की पीसी में सिर्फ तेजस्वी की फोटो, बीजेपी बोली- कांग्रेस का सम्मान चोरी हो गया




**पटना 23 अक्टूबर।** बिहार की राजधानी पटना में होने वाली महागठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किए जाने की संभावना है, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस के पोस्टर से राहुल गांधी की तस्वीर गायब है। बीजेपी ने इसे कांग्रेस के अपमान के तौर पर पेश करते हुए तंज कसा है। पोस्टर में केवल तेजस्वी यादव की तस्वीर नजर आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीट-बंटवारे की बातचीत में मतभेद सुलझाने के लिए पटना पहुंचे थे। वह इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी के साथ मौजूद रह सकते हैं। लंबी खींचतान के बाद महागठबंधन के सहयोगी दल आज इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकता का संदेश देना चाहते हैं। बीजेपी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस मुद्दे पर एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकिन केवल एक तस्वीर। राहुल गांधी और कांग्रेस का सम्मान चोरी। कांग्रेस और राहुल को उनकी जगह दिखा दी। पूनावाला ने सम्मान चोरी का जिक्र कर राहुल गांधी के वोट चोरी अभियान पर तंज कसा है। राहुल ने चुनाव आयोग पर बीजेपी के साथ मिलकर चुनावी अनियमितताओं का आरोप लगाया था।

















**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा






# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाई दीपावली-बांटे उपहार

## भोजन किया और पटाखे फोड़े

**कोरबा ।** कोरबा जिले के पुलिस अधिकारियों ने सर्वमंगला मंदिर स्थित वृद्धाश्रम में दीपावली मनाई। सीएसपी विमल पाठक, टीआई युवराज तिवारी और एएसआई विभव तिवारी ने वृद्धजनों को उपहार दिए, उनके साथ भोजन किया और पटाखे फोड़े। इस पहल से बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी आई।

पुलिस टीम के वृद्धाश्रम पहुंचने पर अधिकारियों ने बुजुर्गों से बातचीत की। उन्होंने दीपावली मनाने के उनके पुराने और वर्तमान अनुभवों पर चर्चा की, जिस दौरान बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए।पुलिस परिवार ने बुजुर्गों के साथ मिलकर भोजन किया। इसके बाद पटाखे फोड़े गए और उन्हें उपहार स्वरूप भेंट देकर उनका आशीर्वाद लिया गया।

बुजुर्गों ने बताया कि जब कोई उन्हें याद करता है तो उन्हें खुशी और दुख दोनों महसूस होते हैं, लेकिन वे अब खुशी को स्वीकार कर अपना जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आश्रम में उनका जीवन यापन अच्छे से हो रहा है और समय-समय पर पुलिस परिवार के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठन भी उनसे मिलने आते हैं, जिससे उन्हें आत्मिक खुशी मिलती है। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने बताया कि चौकी प्रभारी बनने के बाद से वह बुजुर्गों के साथ हर खुशी मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई आयोजन किए जा चुके हैं, जिससे उनके बीच एक अच्छा वातावरण बनता है।आश्रम के केयरटेकर वीरू यादव ने जानकारी दी कि वर्तमान में आश्रम में 13 महिला और 13 पुरुष बुजुर्ग रहते हैं। उनका नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। वीरू यादव पिछले 23 सालों से बुजुर्गों की सेवा में लगे हुए हैं।

## अधीक्षकों की नवीन भर्ती उपरांत शिक्षकों को सौंपे गये अधीक्षकीय कार्य स्वमेव निरस्त हो जायेगा-सहायक आयुक्त आदिवासी विकास

**कोरबा ।** कोरबा जिले में विभागीय 109 प्री-मैट्रिक, 15 पोस्ट मैट्रिक एवं 57 प्राथमिक स्तर व माध्यमिक स्तर के आश्रम कुल 181 संस्थायें संचालित है । जिसमें से अधीक्षक श्रेणी स के 73 पद एवं अधीक्षक श्रेणी द के 108 पद स्वीकृत है ।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि पूर्व में 50 पद एवं वर्ष 2025 में 51 अधीक्षकों की अधीक्षक श्रेणी स में कुल जिले के 101 अधीक्षक को श्रेणी स में पदोन्नत हुई है, किन्तु जिले में श्रेणी स के 73 पद स्वीकृत होने के कारण वर्तमान में 72 पद की पदस्थापना विभाग के द्वारा की गई है, शेष 01 पद की पदस्थापना राज्य स्तर काउंसलिंग के उपरांत की जायेगी, शेष बचे 13 अधीक्षको के द्वारा राज्य स्तर काउंसलिंग में भाग लेने का निर्णय लिया गया है । वर्तमान में राज्य स्तर काउंसलिंग अभी लंबित है । कुल 23 अधीक्षकों के द्वारा श्रेणी स के पदोन्नत को अस्वीकार किया गया है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में अधीक्षक श्रेणी के 85 एवं अधीक्षक श्रेणी द के 36 अधीक्षक कुल 121 अधीक्षक कार्यरत है । जिसमें से 13 अधीक्षक राज्य स्तर काउंसलिंग में पदस्थापना हेतु भाग लेंगे । शिक्षक संवर्ग के 27 कर्मचारी अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में कार्यरत है । पूर्व में कार्यरत 23 शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को अधीक्षकीय कार्य से उनके मूल संस्था हेतु भार मुक्त किया जा चुका है । वर्तमान में इस विभाग अंतर्गत अधीक्षक श्रेणी द के 72 पद रिक्त है । अधीक्षकों की नवीन भर्ती उपरांत शिक्षकों को सौंपे गये अधीक्षकीय कार्य स्वमेव निरस्त हो जायेगा । वर्तमान में व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कुछ नियमित अधीक्षकों को संस्थाओं की दूरी को ध्यान में रखते हुये अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## राज्योत्सव आयोजन के संबंध में बैठक 24 अक्टूबर को

**कोरबा ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राज्योत्सव 2025 का तीन दिवसीय आयोजन 02 नवंबर से 4 नवंबर तक ओपन ऑडिटोरियम घंटाघर चौक कोरबा में किया जायेगा। राज्योत्सव आयोजन के तैयारी के संबंध में 24 अक्टूबर को सायं 04 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष कोरबा में बैठक आयोजित की गई है।

## 10 वर्ष पुराने निष्क्रिय बैंक खातों, बीमा कंपनी, एसबीआई लाइफ, म्यूच्यूअल फंड आदि के दावा क्लेम बाबत खातेदारों के लिए मेगा कैंप आयोजन 24 को

**कोरबा ।** वित्तीय सेवा विभाग (वित्त मंत्रालय) भारत सरकार द्वारा सभी बैंकों, बीमा कंपनी, एसबीआई लाइफ, म्यूच्यूअल फण्ड को 10 वर्ष पुराने या निष्क्रिय खातों, बीमा के दावे, एसबीआई लाइफ के दावे, म्यूच्यूअल फण्ड के दावे पर दावेदारों, उत्तराधिकारी या उनके नामित व्यक्ति को पहचान कर खाते की राशि उनके दावेदारों को भुगतान किये जाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में 24 अक्टूबर को घंटाघर से बुधवारी के बीच सियान सदन भवन में मेगा कैंप का आयोजन किया गया है। इस शिविर में जनसामान्य लोगों, वित्तीय संस्थान के एवं शासकीय खातों के लिए 10 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय खाते, बीमा दावा, एसबीआई लाइफ बीमा के दावे, म्यूज्यूअल फण्ड दावे स्वीकार किये जायेंगे। संबंधित व्यक्ति एवं शासकीय संस्थाओं से उक्त मेंगा कैप का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## सतनामी कल्याण समिति का शपथ ग्रहण एवं भूमिपूजन समारोह संपन्न

**कोरबा।** कोरबा सतनामी कल्याण समिति द्वारा एक भव्य शपथ ग्रहण एवं भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण का प्रतीक बना, बल्कि समाज के विकास की नई दिशा तय करने वाला साबित हुआ।

उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ जय स्तम्भ की आरती एवं पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात समिति भवन परिसर में डोम निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। नगर निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में इस डोम निर्माण कार्य के लिए ?64 लाख की लागत स्वीकृत की गई है, जो समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। वहीं मंच पर नगर निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेंद्र देवांगन (वार्ड 18), लक्ष्मण श्रीवास (वार्ड 17) एवं श्रीमती प्रेमलता बंजारे (वार्ड 15) कि भी गरिमामयी उपस्थिति रही।आयोजित कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की सेवा के संकल्प के साथ शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का महामालाओं से भव्य स्वागत किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं आम नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्यों द्वारा शालीनता और अनुशासन के साथ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, नारायण लाल कुर्रे, यू.आर. महिलांगे सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# गेवरा और कुसमुंडा एसईसीएल मुख्यालय पर विस्थापितों ने दीप जलाकर मनाई दीवाली




**कोरबा।** गेवरा और कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने दीवाली के समय भी एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के भिलाई बाजार के पास और कुसमुंडा मुख्यालय पर धरना जारी रखा है। वे अधिग्रहित भूमि के एवज में लंबित रोजगार,प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट की मांग कर रहे हैं।

जिन लोगों ने अपनी जमीन देकर देश-दुनिया को रोशन करने का काम किया और कोरबा जिले को ऊर्जाधानी के रूप में पहचान दिलाई, आज वही परिवार रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इस लिए भू विस्थापितों ने एसईसीएल के मुख्यालयों पर दीप जलाकर विरोध प्रकट किया और एसईसीएल के दमन और तानाशाही के खिलाफ 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद करने का एलान किया है। इस दीवाली पर भू विस्थापितों ने मुख्यालय गेट पर दीप जलाकर शोषण के खिलाफ अपने संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया। कुसमुंडा मुख्यालय के सामने दीप जलाने वालों में प्रमुख रूप से दामोदर श्याम,रेशम यादव, होरी, कृष्णा और गेवरा मुख्यालय में दीपक साहू,रमेश दास,गुलाब दास, प्रशांत झा,बिमल दास ,पवन,प्रकाश,हीरा सिंह, सतीश, कैलाश,देवलाल चंद्रा,रदेशयम,पवन के साथ बड़ी संख्या में भूविस्थापित किसान उपस्थित थे।

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा नव सूत्रीय मांगों को अनसुना करते हुए,भारी विरोध के बावजूद पुलिस और प्रशासन की मदद से बंदूक के नोक पर जबरन खदान विस्तार का काम शुरू किया है जिसके विरोध में 23 अक्टूबर को गेवरा खदान बंद की घोषणा छत्तीसगढ़ किसान सभा ने की है और प्रत्येक छोटे खातेदारों को एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि प्रत्येक छोटे खातेदार को रोजगार देने और प्रत्येक विस्थापितों को बसावट के साथ कई नव सूत्रीय मांग की गई है उन पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है इसके उलट, ग्रामीणों पर दबाव बनाने और उन्हें डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है, प्रशासन का सहारा लेकर बंदूक की नोंक पर खदान विस्तार का काम किया जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है। गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित मांग करते हैं कि प्रशासन तुरंत इस जबरन खोदाई को रोके और उनकी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय ले।



# महापौर संजू देवी ने डेंगूरनाला छठ घाट का किया निरीक्षण

## निगम अमला जुटा तैयारी में

**कोरबा ।** पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व छठ पूजा इस वर्ष 25 से 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसको लेकर देशभर में तैयारियां जोरों पर हैं। कोरबा नगर निगम भी छठ पर्व की तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने डेंगूरनाला छठ घाट का निरीक्षण किया और वहां की साफ-सफाई और सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने घाट की सफाई, रोशनी की उचित व्यवस्था और महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा कुल 23 छठ घाटों पर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम सभी जरूरी इंतजाम कर रहा है।

निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद चंद्रलोक सिंह भी उपस्थित रहे, जो हर साल छठ पूजा की तैयारियों में सक्रिय रहते हैं। सफाई अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि निगम की टीमें हर छठ घाट का निरीक्षण कर रही हैं और साफ-सफाई के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत, पार्षद चंद्रलोक सिंह, सफाई अधिकारी संजय तिवारी, भूषण उरांव समेत निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर के विकास में डीएमएफ फण्ड की होगी बड़ी भागीदारी

**कोरबा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश और केबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री अजीत वसंत ने जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) से कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 399 विकास कार्यों के लिए 157 करोड़ 69 लाख 12 हजार 830 रुपये की स्वीकृति दी है। विगत 20 से 21 माह के बीच कलेक्टर एवं अध्यक्ष डीएमएफ द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के मांग के आधार पर तथा शासन की मंशानुसार बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने से शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शहरी सुविधाएं और जनसुविधाओं का व्यापक विकास सुनिश्चित होगा।

डीएमएफ से प्राप्त स्वीकृति में अनेक बड़े कार्य भी शामिल है। ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक 2.84 कि.मी. दो लेन सीसी रोड निर्माण 29.42 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इस कार्य से मुख्य शहरी मार्गों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और वाहनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित होगा। इसी तरह शहर में यातायात और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए सुनालिया ज्वेलर्स के पास रेल अंडर ब्रिज (आरयूबी) निर्माण एवं मुआवजा वितरण हेतु 18.82 करोड़, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण (92 भवन) के लिए 12.01 करोड़, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शासकीय स्कूलों में मानदेय शिक्षकों की भर्ती हेतु 10.34 करोड़, जी.एन.एम. स्कूल एवं हॉस्टल का शेष निर्माण कार्य हेतु 4.70 करोड़, शहरी स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में सुधार के लिए नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में ई-कार्ट गार्बेज रिक्शा प्रदाय कार्य हेतु 2.84 करोड़, शिक्षा क्षेत्र में अन्य कार्य 30 नवीन प्राथमिक शाला भवन हेतु 5.16 करोड़, 10 नवीन माध्यमिक शाला भवन 1.67 करोड़, 71 किचन शेड निर्माण, 18 स्कूलों में अहाता निर्माण, डाइट भवन कोरबा के 11 कार्य 1.18 करोड़, 12 महाविद्यालयों में अतिरिक्त भवन, हॉस्टल व सामग्री क्रय 6.26 करोड़, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा में निर्माण कार्य 97.60 लाख की स्वीकृति शामिल है। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य हेतु बच्चों के टीकाकरण, क्षय रोग जांच, संसाधन भर्ती एवं स्वास्थ्य भवन उन्नयन 3.12 करोड़, विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती (3 कार्य) 6.27 करोड़, स्वास्थ्य कर्मियों के आवासीय भवन निर्माण 98.69 लाख, ट्रामा सेंटर में उन्नयन कार्य 54.59 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। शहरी और ग्रामीण अवसंरचना अंतर्गत सामुदायिक भवन, नाली, अहाता एवं अन्य कार्य (191 कार्य) 24.12 करोड़, पुलिस कार्यालय में जनरेटर स्थापना 61.84 लाख, कन्वेन्शनल हॉल में अहाता और हाई मास्ट लाइट 91.56 लाख, कृषि और पशु चिकित्सा कार्य, 174 कृषि पंपों का विद्युतिकरण हेतु 1.73 करोड़, पशु चिकित्सक भर्ती, मिट्टी परीक्षण, डेयरी कार्य 57.48 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बताया कि डीएमएफ फंड का उपयोग कोरबा विधानसभा क्षेत्र के संतुलित विकास और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है।सभी 399 कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# कोरबा जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूची का लेजर प्रिंटर से मुद्रण कार्य हेतु निविदा 17 नवंबर तक आमंत्रित

**कोरबा ।** कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20-रामपुर, 21-कोरबा, 22-कटघोरा एवं 23-पालीतानाखार के कुल 1211 मतदान केन्द्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के मूल प्रतियों एवं पूरक सूचियों का मुद्रण (लेजर प्रिंटिंग) का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छ0ग0 भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4.3.3 में निहित प्रावधान अनुसार खुली निविदाएं 17 नवंबर 2025 को दोपहर 03 बजे तक सीलबंद निविदा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन शाखा) कोरबा में आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में 17 नवंबर को दोपहर 02 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र जिला कोरबा के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन से भी डाउन लोड कर प्राप्त किया जा सकता है। इस प्रकार से प्राप्त निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय रूपये 500 (पांच सौ) निविदा शुल्क का चालान की मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा शुल्क के अभाव में निविदा अमान्य किया जायेगा। पूर्णतः भरे हुए निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के समान्य निर्वाचन शाखा में 17 नवंबर 2025 को दोपहर 03 बजे तक जमा करना होगा। प्राप्त निविदा 17 नवंबर 2025 को सांय 04 बजे गठित समिति के द्वारा निविदाकारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय कलेक्टर कोरबा के सभाकक्ष में खोली जायेगी।

# स्काउटस ने बिखेरी निर्धन परिवार के घर खुशियां

**कोरबा ।** इस दिवाली भी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली की स्काउट गाइड इकाई ने निर्धन परिवार के घर खुशियां बिखरने का कार्य किया। बुजुर्ग चमरीन बाई के मकान की रंगाई पोताई करने के साथ ही उनके साथ दीपावाली का त्योहार मनाया गया।स्काउट आंदोलन में सेवा पर खासा जोर दिया गया है। इसी को चरितार्थ करते हुए शासकीय हाई स्कूल, बुंदेली की स्काउट गाइड इकाई द्वारा छठवें साल भी सेवा की मिसाल प्रस्तुत की गई। प्राचार्य अनीता ओहरी के मार्गदर्शन और गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य के नेतृत्व में विद्यालय की स्काउट यूनिट डॉ. भीम राव अम्बेडकर ट्रूप एवं गाइड कंपनी मदर टेरेसा ग्राम पंचायत कोरकोमा के ग्राम मुढ़ूनारा पहुंची। यहां निवासरत 80 वर्षीय निर्धन बुजुर्ग चमरीन बाई के घर दस्तक देते हुए मकान का मुआयना किया गया। चमरीन बाई से उनके घर की साफ सफाई एवं रंगाई पोताई किए जाने की अनुमति ली गई। गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य, स्काउट विवेक कुमार दिवाकर, स्वतंत्र आदिले, जय प्रताप कुर्रे तथा गाइड नेहा बघेल, श्रेया रात्रे, सुकेसनी, सुहानी, अदिति डहरिया, गायत्री साहू, नीलिमा पटेल ने दो दिनों तक श्रमदान करते हुए घर के भीतर और आसपास की साफ सफाई की। फिर शुरू हुआ रंगाई पोताई का कार्य। देखते ही देखते पूरा घर चकाचक कर दिया

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से जिला उपाध्यक्ष बलराम पाण्डेय ने की सौजन्य भेंट-मुलाकात

**कोरबा ।** दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत से उनके रायपुर स्थित शासकीय निवास में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पं. बलराम प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट-मुलाकात की।

इस अवसर पर बलराम दास वैष्णव, महेंद्र सिदार और सनी यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दीपों के इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए डॉ. महंत को उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की मंगलकामनाएं दीं। डॉ. महंत ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का पर्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। समाज में भाईचारा और पारस्परिक सहयोग ही सच्ची दीपावली है।

मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण और पारिवारिक वातावरण में दीपावली की बधाइयों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान हुआ। कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉ. महंत हमेशा कार्यकर्ताओं के बीच स्नेह और प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि महंत जी का सादा जीवन और जनसेवा के प्रति समर्पण पूरे संगठन के लिए अनुकरणीय है।

## अंडरब्रिज बनाने व मुआवजा देने 18.82 करोड़ रुपए मंजूर

**कोरबा ।** कोरबा अंचल संजय नगर स्थित रेलवे फाटक पर रेल अंडरब्रिज के निर्माण व प्रभावितों को मुआवजा बांटने डीएमएफ से 18 करोड़ 82 लाख रुपए की मंजूरी और मिली है। शासकीय विद्यालयो के मानदेय शिक्षकों के लिए भी डीएमएफ से राशि जारी हुई है। जिला खनिज संस्थान न्यास समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 399 विकास कार्यों के लिए 157 करोड़ 69 लाख 12 हजार 830 रुपए की स्वीकृति दी है। जनप्रतिनिधियों के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को कराने की मांग के विकास आधार पर और शासन की मंशानुसार बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

# ब्रह्माकुमारी ने किया दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोरबा द्वारा आध्यात्मिक उर्जा पार्क गेरवा घाटमें दीपावली के शुभ अवसर पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया 7 इस अवसर परमुख्य अथिति के रूप में पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, बी.के. रुक्मणि, बी.के. बिंदु मौजूद रहे।कार्यक्रम की सुरुआत अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर साथ ही तिलक लगा कर किया गया इस अवसर पर बी. के. बिंदु दीदी ने दीपावली काअध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा की दीपावली जिसे प्रकाश का पर्व कहा जाता है वास्तव में

आत्मिक जागृति और अंधकार पर विजय का प्रतिक है, दीपावली केवल दीयोंऔर पटाखों कीबाहरी सजावट का पर्व नहीं बल्कि आत्मा के पुर्नजागरण का अवसर है। उन्होंने कहा की जैसेएक दीपक स्वयं जलकर दुसरो को प्रकाश देता है, वैसे ही हमे भी अपने ज्ञान और गुणों के दीपकको प्रज्वलित कर समाज में प्रकाश फैलाना चाहिए 7 जयसिंह ने कहा की दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और नकारात्मकता पर साकारात्मकता की विजय का प्रतिक है। आज के इस युग में जब मनुष्य बाहरी सुखो कीखोज में व्यस्त है, तब ब्रह्माकुमारी जैसी संस्था हमे यह याद दिलाती है की सच्ची ख़ुशी अंतर्मन की शांति में है 7 में इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के इस दिव्य प्रयास की सहराना करता हु जो समाज में सद्भाव, नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण और आत्म-परिवर्तन जैसी मूल्यों को प्रचारित कर रही है 7 राज किशोर प्रसाद जी ने कहा की मैंने देखा है की इस संस्था के माध्यम से समाज के हर वर्ग में आध्यात्मिकता, नैतिकता और आत्म-संयम के दीप जल रहे है7 दीदियो के मार्ग दर्शन में यहाँ जो वातावरण निर्मित हुआ है वह वास्तव में आत्मा को शांति और शक्ति प्रदान करता है 7 मैं इस आयोजन के



लिए ब्रह्माकुमारी संस्था को हृदय से बधाई देता हु की इस दिव्य सेवा का प्रकाश निरंतर फैलता रहे 7 बी. के. रुक्मणि दीदी ने कहा की दीप अर्थात आत्मा, जो परमपिता परमात्मा के ज्ञान से प्रकाशित होती है, इस पवित्र पर्व का सच्चा सन्देश यह है की हम अपने आत्मिक स्वरुप को पहचाने, परमात्म से योग लगाकर अपने जीवन में शांति, प्रेम, और पवित्रता के दीप जलाये 7 दीपावली के अवसर पर चैतन्य लक्ष्मी की झांकी भी लगायी गयी।अंत में सभी अतिथियों द्वारा दीप जलाया गया तद्यच्चात सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात एवं प्रसाद भी दिया गया कार्यक्रममें बड़ी संख्या में भाई बहने मौजूद रहे और कार्यक्रम का सफल सञ्चालन अधिवक्ता शेखर राम सिंह ने किया।

# हाईटेक बस स्टैंड बनेगा 20 करोड़ से रिसदी में

**कोरबा ।** कोरबा अंचल अंतर्गत टी.पी. नगर के नया बस स्टैंड में जगह की कमी देख नगर निगम की ओर से शहर की सरहद पर हाईटेक नया बस स्टैंड बनाया जाएगा। 20 करोड़ से बनने वाले सर्व सुविधायुक्त नया बस स्टैंड के लिए योजना आगे बढ़ गई है। स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजने के साथ ही पहले से चिन्हित तीन क्षेत्र में से रिसदी को नया बस स्टैंड के लिए उपयुक्त मान वहां जमीन अधिग्रहण के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। जमीन अधिग्रहण के बाद नया बस स्टैंड के लिए टेंडर होगा। योजना के तहत आगामी दो साल में हाईटेक बस स्टैंड पूरा कर लिया जाएगा। रिसदी की ओर बढ़ते शहर के दायरे के कारण नया बस स्टैंड के लिए इसे ही चुना है। यहां से जिला मुख्यालय व जिला अस्पताल नजदीक है। पास ही ग्राम भुलसीडीह में मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल बन रहा है। नया टीपी नगर भी ग्राम बरबसपुर में होगा। कटघोरा-चांपा फोरलेन नजदीक से गुजरेगा। नया बस स्टैंड को हाईवे से कनेक्टिविटी दी जाएगी, जिससे सभी दिशाओं के लिए बसों की आवाजाही सुगम होगी।कोरबा नगर निगम की बैठक में रिसदी, इमलीडुग्गू, गोपालपुर को चिन्हित किया गया था। तीनों ही क्षेत्र शहर के बाहर हैं, लेकिन कटघोरा-चांपा के बीच गुजरेगा। वहीं आगे उरगा होकर रायपुर-रांची-धनबाद तक एचएच-142 बी के तहत बनने वाला फोरलेन रिस्दी के नजदीक से भारतमाला सड़क गुजर रही है। इन दो बड़ी परियोजना की वजह से अंतिम चयन रिसदी का किया गया है। यहां से जांजगीर-चांपा सहित बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर व दीगर राज्य झारखंड, यूपी, बिहार व ओडिसा की ओर बसों की आवाजाही आसानी से होगी।

नया बस स्टैंड नगर निगम क्षेत्र की सरहद में बनने के बाद बसों का टी.पी. नगर नया बस स्टैंड पर पहुंचना बंद हो जाएगा। सभी निजी बसें आउटर पर बने नया बस स्टैंड पहुंचेंगी। वहां से शहर के भीतर आने के लिए यात्री ई-बसों में सफर करेंगे। शहर के भीतर रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैंड, टी.पी. नगर नया बस स्टैंड सहित अन्य सभी क्षेत्रों से ई-बसों की रिसदी नए बस स्टैंड में कनेक्टिविटी की जाएगी।

टी.पी. नगर में 4 दशक पहले बने बस स्टैंड में करीब 100 बसें खड़ी होने की क्षमता तय की थी। अब आधे हिस्से में मालवाहक, ऑटो सहित अन्य दूसरे वाहनों के खड़े रहने से स्टैंड का दायरा घट गया है। यहां मुश्किल से 70 बसें खड़ी हो पाती हैं। रिस्दी में बनने वाले नए बस स्टैंड में 200 से अधिक बसों की पार्किंग क्षमता होगी। वहीं यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, रैन बसेरा, शौचालय सहित सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। व्यावसायिक कॉम्पलेक्स भी बनाया जाएगा।



## NIC 2025 में करेंगी ऋचा कोरबा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**कोरबा।** सत्र 2025 साहसिक शिविर आयोजित हुआ धर्मशाला सेंटर हिमांचल प्रदेश में जिसमें सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेवकों का चयन किया जाता है छत्तीसगढ़ से 20 रा से यो स्वयं सेवक और 1 रा से यो कार्यक्रम अधिकारी होंगे शामिल इसी कड़ी में शास इ वि पी जी कॉलेज कोरबा संबद्ध अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ की सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेविका शु श्री ऋचा स्वर्णकार का हुआ है चयन ठ्ठ्ह्य श्र्श श्री वीरेंद्र कुमार बंजारे डिरेक्टर के रूप में करेंगे मार्गदर्शन । ह्ढ्ढष्ट एक स्वयं सेवक के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है और उनके उत्कृष्ट कार्य का फल जो कठिन परिश्रम मेहनत और लगन से मिलता है। ऋचा ने बताया राज्य कार्यक्रम समंवयक श्री मनोज सिन्हा सर जी जिला संगठक श्री वाय के तिवारी सर जी का साथ और प्रोतशाहन मिलता रहा जिसकी बदौलत आज यहाँ तक का सफर तय कर पा रहे हैं कार्यक्रम अधिकारी प्रो अजय पटेल और प्रो मधु का विशेष योगदान रहा। युथ ऑफिसर डॉ राजकुमार वर्मा सर जी का हमेशा मार्गदर्शन मिला।

# हर घर स्वदेशी से जोड़ने अभियान पर काम जारी



**जांजगीर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत की आवाज गूंज रही है

.इसी कढ़ी में भाजपा मंडल जांजगीर नैला के द्वारा भी दीपावली के शुभ अवसर पर लोकल उत्पाद एवं स्थानीय कामगारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आज बुधवार बाजार के दिन भारत माता चौक (कचहरी चौक) में हमारे स्थानीय कुम्हारों के द्वारा निर्मित दिए खरीद कर आत्म निर्भर भारत की योजना का प्रचार एवं प्रसार कर जागरूकता अभियान चलाया गया.इसका उद्देश्य यह है कि समय की मांग है कि देश आत्मनिर्भर हो इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोकल समान खरीदे और दूसरों को भी लोकल उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करें ताकि हम विकसित भारत की दिशा में अग्रसर हो सके.आने वाला 2047 नए भारत और विकसित भारत के रूप में जाना और पहचाना जाएगा,ये तभी संभव होगा जब पूरा देश आत्मनिर्भर होगा.

आज के इस जन जागरूकता अभियान में भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव,महामंत्री द्वय विवेक सिंह,रामेश्वर पटेल,आत्म निर्भर भारत अभियान मंडल टीम के संयोजक रितेश राठौर,सहसंयोजक राकेश रूपवानी,युवा मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश राठौर,महामंत्री सोनू यादव,श्याम यादव,गोलू दुबे,प्रदीप राठौर,कालू सेन,शैल राठौर,अभिजीत राठौर,अभिषेक पांडेय, भोलू सिंह,मनोबल जाहीरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल जांजगीर नैला के ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# समय पर पीएम आवास का लाभ हितग्राही को देना करें सुनिश्चित





**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, अतः जमीनी स्तर पर प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजना इसका लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों के आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास के प्रत्येक पूर्ण आवास को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी मिल सके। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को अधिकतम आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक आवास की गुणवत्ता, समयसीमा और लाभार्थी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष ग्रामसभा आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में शामिल हितग्राहियों में से स्वीकृति हेतु शेष बचे हितग्राहियों के नाम का वाचन उपरांत अंतिम परीक्षण कर अपात्र हितग्राहियों का स्पष्ट कारण जैसे-पक्का मकान, पूर्व में लाभान्वित, करदाता, अन्य कारण ईत्यादि का उल्लेख करते हुए जानकारी देने कहा। साथ ही उन्होंने आगामी खरीफ विपणन 2025-26 हेतु पंजीकृत कृषक जिनका खसरा एग्रीस्टैक पंजीयन में छूट गया है या जिनका पंजीयन एग्रीस्टैक में नहीं हो पाया है उनकी सूची का पठन ग्राम सभा में करने कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी कृषक अपने संबंधित समितियों में जाकर सुधार कार्य या नया पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ एवं विकासखंड समन्वयकों को निर्देशित किया कि ग्रामवार स्थायी एवं अस्थायी प्रतीक्षा सूची का मिलान कर कारण सहित उसे ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि हर आवास का डाटा पूर्ण रूप से तैयार किया जाए, ताकि योजना की प्रगति का वास्तविक आकलन किया जा सके। साथ ही उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप आवासों को पूर्ण करने और प्रयासरत हितग्राहियों की सूची बनाकर उनके आवासों की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जिला समन्वयक, जनपद पंचायत सीईओ, विकासखंड समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने पीएम आवास घरों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने कहा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सौर ऊर्जा के उपयोग के प्रति जागरूक कर उन्हें इस योजना से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे अपने घरों में निःशुल्क बिजली का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा और बिजली बिल में बचत होगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्राप्त होने वाली सब्सिडी, आवेदन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दें और उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करें।

## श्री नवधा रामायण कल से

**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बोरदा में श्री अखंड नवधा रामायण यज्ञ का आयोजन 24 अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें रामायण गायन प्रतियोगिता भी होगी। यज्ञीय कार्यक्रम के आचार्य पंडित शशिकांत शर्मा होंगे। वहीं मुख्य यजमान भागीरथी कश्यप एवं सावित्रीबाई कश्यप होंगे। मानस गायन फाइनल 2 नवंबर को रात्रि 8 बजे आयोजित होगा, जहां प्रतियोगिता तीन विधाओं में होगी। इसमें शास्त्रीय संगीत में कुल पांच पुरस्कार, फिल्मी संगीत में कुल पांच पुरस्कार एवं छत्तीसगढ़ी संगीत में कुल पांच पुरस्कार दिए जाएंगे। तीनों विधाओं में कुल 15 पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक विधा में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 4001, तृतीय 3001, चतुर्थ पुरस्कार 1501 व पंचम पुरस्कार 1001 विजेता प्रतिभागी टीमों को दिए जाएंगे।



## दीपोत्सव पर रसोईयों का मुंह मीठा कराया

**जांजगीर।** मध्याह्न भोजन रसोइया संघ ने तिलई के मनका दाई मंदिर प्रांगण में दीपावली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर समाजसेवी गीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी रसोइया बहनों को साड़ी और मिठाई के पैकेट बांटी।

रसोइया संघ की जिलाध्यक्ष संतोषी कौशिक, कृष्णा कंवर, शांति देवी व अंजली खरे ने संयुक्त रूप से गीता देवी सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा क पहली बार किसी ने हमारे कार्य, हमारी सेवा और हमारी पूजा को सच्चे अर्थों में पहचान कर सम्मानित किया है। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन, भजन-कीर्तन और सामूहिक दीप आरती का आयोजन किया गया।

मौके पर समाजसेवी ज्योत्सना, शीला व अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गीता सिंह के इस स्नेहपूर्ण कार्य की प्रशंसा की और कहा कि उनका यह कदम समाज में सेवा भावना और सम्मान की एक नई मिसाल है।



कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज के साथ दीप मिलन समारोह का समापन हुआ।

## शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर 2025 दिन बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

## आगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 07 नवम्बर तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 अंतर्गत नगर पालिका जांजगीर नैला क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 07 के आंगनबाड़ी केन्द्र 01 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 08 वीं उत्तीर्ण तथा उसी वार्ड के किसी भी 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं को आवेदन करना हो तो 07 नवम्बर 2025 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) मे सीधे जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## एम्बुलेंस सुविधा मिली, संचालन करेगी समिति

**जांजगीर।** ग्राम बिर्रा में दिवाली पर जीवनदायिनी एम्बुलेंस सेवा का लोकार्पण किया गया। यह एम्बुलेंस जिला पंचायत के 15वें वित्त आयोग से जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने प्रदान की। अब तक बिर्रा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एम्बुलेंस सुविधा न होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता था, जिससे कई बार अनमोल जानें भी चली जाती थीं।

गगन जयपुरिया ने ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए बिर्रा के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराई है, जिससे आपातकालीन स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सहायता मिल सकेगी। एम्बुलेंस सेवा का संचालन, रख-रखाव और देखरेख के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है, ताकि यह सुविधा निरंतर और सुचारू रूप से चलती रहे। लोकार्पण कार्यक्रम बिर्रा के चंडी दाई मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां भारतीय कुष्ठ निवारक संघ के सचिव सुधीर देव ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया और पूजा-अर्चना गीता प्रसाद तिवारी द्वारा की गई।



इस अवसर पर गगन जयपुरिया ने बताया कि पूर्व में बम्हनीडीह क्षेत्र में भी उन्होंने और उनके सहयोगियों ने एक एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी, जो कोविड काल से आज तक कम दरों में निरंतर सेवा दे रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर देव ने कहा कि यह सेवा न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाएगी, बल्कि जनसेवा और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक भी बनेगी। लक्ष्मी नारायण सोनी ने इसे दीपावली के अवसर पर ग्रामवासियों को मिली सुरक्षा और राहत की सौगात बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से लोमस साहू, लक्ष्मी नारायण सोनी, बिर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, जनपद सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व पर रौशन हुआ स्कूल



**नरियरा।** नरियरा में प्रकाश पर्व दीपावली को शिक्षा एवं संस्कारों से जोड़ने की एक अनूठी पहल प्रस्तुत करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संजयनगर में शिक्षक आदित्य नारायण पांडेय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बस स्टैंड में शिक्षक सूरज कुमार साहू द्वारा दवाली पर स्कूल परिसर में दीप प्रज्वलित किया गया। शिक्षक आदित्य नारायण पांडेय ने बताया कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर शासकीय विद्यालय में दीप प्रज्वलित करने की अपील की गई थी छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती के अवसर पर स्कूल परिसर में दीप प्रज्वलित कर स्कूल परिसर को दीपावली के पावन अवसर पर जगमग करने का प्रयास किया गया, शिक्षक सूरज कुमार साहू ने बताया कि दीपावली का त्योहार प्रतिवर्ष धूमधाम से बनाया जाता है दीपावली पर्व को शिक्षा और संस्कार से जोड़ने के लिए स्कूल परिसर में दीप प्रज्वलित कर छात्रों को दीपावली का त्यौहार आपसी सद्भाव के साथ बनाने की अपील की गई।

## ग्रामीण क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दी, सुबह छा रही हल्की धुंध

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के आउटर इलाकों में अब गुलाबी ठंड की दस्तक महसूस की जाने लगी है। बीते कुछ दिनों से सुबह और रात के समय ठंडी हवा चल रही है, जिससे वातावरण में हल्की सिहरन बढ़ गई है। हालांकि दिन का तापमान अभी भी लगभग स्थिर बना हुआ है, लेकिन रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आमतौर पर मौसम में बदलाव आता है और यही इस वर्ष भी देखने को मिल रहा है। अधिकतम तापमान फिलहाल 31 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, लेकिन न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।


न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-2026
ग्राम बंजारी प.ह.नं.-11
तहसील बरपाली जिला कोरबा छ.ग.

// ईश्तहार//

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लकेश्वर प्रसाद साहू पिता स्व. मुखीराम साहू जाति तेली (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम मड़वारानी खरहरी तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बंजारी प.ह.नं. 11 तहसील बरपाली जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 20/1 रकबा 0.082 में से 0.032हे. भूमि को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के अंतर्गत धारा 172 के अधीन आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने बी-1, खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, बिल्डिंग का साइड प्लान, गूगल मैप एवं शपथ पत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 07/11/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.)
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


## रंगोली: अनमोल महिपाल ग्रुप प्रथम



**नरियरा।** दिव्य शक्ति मॉर्डन स्कूल, नरियरा में दीपावली पर कई रचनात्मक स्पर्धा का आयोजन कर बच्चों में सृजनात्मकता और पारंपरिक संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। विद्यालय परिसर में रंगोली बनाओ, मिट्टी से दीपक बनाओ, चित्रकला और निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

रंगोली प्रतियोगिता में अनमोल महिपाल ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किरण सानंडिल्य ग्रुप द्वितीय और माही ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से दीपावली की थीम के साथ सामाजिक संदेश भी प्रस्तुत किए। मिट्टी से दीपक बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर दीए बनाकर पारंपरिक दीपावली उत्सव को जीवंत किया। चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। विद्यालय के प्रधान पाठक गोविंद पाटले ने दीपावली के महत्व की जानकारी दी और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पटाखों से परहेज करने की सलाह दी। इस अवसर पर शिक्षिकाएं सुशीला पाटले, ग्रीष्म सोनवानी, उषा विश्वकर्मा, कुसुम पाटले, सविता पाटले, सविता श्रीवास, प्रेक्षणा पाटले, रेशमा कैवर्य, सीमा राठौर, संगीता पाटले और प्रतिमा टंडन उपस्थित रहीं।

## युवक की हत्या के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में दीपावली की रात पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। दीपावली की रात जिले में मारपीट के कुल 18 मामले भी दर्ज किए गए हैं।

यह घटना कोटमीसोनार गांव में हुई। मंगलवार सुबह बाल मुकुंद सोनी का शव उनके घर के अंदर खून से लथपथ मिला। मृतक की मां की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मृतक के मोबाइल की जांच से मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस के अनुसार, बाल मुकुंद सोनी अपने घर में थे। देर रात गांव के शिवांश पांडे ने पुरानी दुश्मनी के कारण उनके मोबाइल पर फोन कर गाली-गलौज की। जब बाल मुकुंद ने फोन काट दिया, तो शिवांश ने मिस कॉल करना शुरू कर दिया। देर रात शिवांश पांडे अपने साथियों के साथ बाल मुकुंद के घर के पास पहुंचा और पटाखे फोड़ने लगा।

बाल मुकुंद के बाहर आकर पटाखे फोड़ने से मना करने पर आरोपियों ने वहां भी गाली-गलौज की। इसके बाद बाल मुकुंद घर के अंदर चले गए, लेकिन आरोपियों ने दरवाजा खोलकर घर में घुसकर चाकू से उन पर कई बार हमला किया और फरार हो गए।




पुलिस ने इस मामले में शिवांश पांडे, रोशन दास मानिकपुरी, चंद्रहास पांडे, रमेश कृष्ण पाठक और दो नाबालिगों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या करने की बात कबूल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है और आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इसके अतिरिक्त, जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दीपावली की रात पटाखे फोड़ने के विवाद को लेकर 18 मामले दर्ज किए गए हैं। जांजगीर सीएसपी योगिता खापर्डे ने बताया कि अधिकांश विवाद देर रात पटाखे फोड़ने से रोकने के कारण हुए।

## गौ माता की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**अकलतरा।** नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुकीम परिवार द्वारा पंचदेव मंदिर प्रांगण में विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(शुद्धि पत्र क्र.-1)

जल संसाधन संभाग कोरबा अंतर्गत आमंत्रित निविदा में निम्नानुसार संसोधन किया जाता है, विसतृत विवरण निम्नानुसार है :-

| G. Number | System No. | NIT No. & Date | Amendments |
|---|---|---|---|
| (1) 252604044 | 177204 | NIT No.:03/SAC/ 2025/26 Dated:08.10.2025 | 1. Form B - Page No 28 and 29 & Prequalification Documment- page No. 10, 11, 15, 16, Annexure- I, 1.1 Physical Turnover & 1.2 Financial turnover Should have executed minimum satisfactory quantum of work worked out as under in any one year during the last five year from 2019-2020 to 2023-2024 for similar nature and magnitude of main item of works invelved in the contract. 1.3 Bid Capacity (A) Maximum value of civil engineering works executed in any one year during last years from 2019-2020 to 2023-2024 (10% weightage per year shall be given to bring the value of work executed at present price level) experience of subsidiaries/subcontract and private work shall not be considered. 2. Prequalification Document - Page No. 10, 11, 15, 16 &3.6The turnover of years prior to 2019-2020 to 2023-2024 shall be given weightage of 10% per year to bring them to price level 2019-2020 to 2023-2024 |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।
जी-252604303/7

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हर बच्चे को पढ़ाया जाना चाहिए, बल्कि हर ब'चे को सीखने की इच्छा दी जानी चाहिए।

# बिहार मोदी-शाह की गोद में है

हो सकता है मैं गलत हूं, फिर भी मेरा मानना है बिहार मोदी-शाह की गोद में है। तेजस्वी, राहुल गांधी, प्रशांत किशोर किसी का कोई अर्थ नहीं। इन सबकी याकि विपक्ष की दिक्कत है जो नहीं समझते कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चौबीस घंटे सत्ता की भूख में जीते हैं। कैसे भी हो सत्ता में रहना है। सोचें, ईस्ट इंडिया कंपनी के बनिया अंग्रेज और मोदी-शाह में क्या समानता है। फूट डालो, राज करो और खरीदो! त्रासद है उस इतिहास को याद कराना। पर तथ्य याद करें कि ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1757 में पलासी और 1764 में बक्सर के युद्ध को जीता था तो उसमें तब बिहार भी था। पता है क्लाइव की सेना में कुल तीन हजार सैनिक थे! इसमें गोरे सैनिक केवल आठ सौ थे! जबकि हिंदुस्तानी सेना में पचास हजार सैनिक थे। मगर क्लाइव ने स्थानीय जगत सेठों के पैसे का इस्तेमाल किया। मीर जाफर और उनके सैनिकों को खरीद लिया। सो, अंग्रेज बनिया जीते और फिर दो सौ साल बंगाल, बिहार और उड़ीसा को लूटा। सो, बांटना, जीतना, लूटना अंग्रेजों का बताया मंत्र है।

भला मोदी-शाह की ईस्ट इंडिया कंपनी याकि क्रोनी जगत सेठों के हिस्सेदारी वाली कंपनी क्यों चूके। ध्यान रहे बिहार को मोदी-शाह की टीम ही चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनता दल यू पूरी तरह मोदी-शाह की राजनीति, प्रबंधकीय व्यवस्थाओं, वोट पकाने की असेंबली लाइन से निर्देशित हैं। मैंने 2017 के उत्तर प्रदेश चुनाव के बाद विश्लेषण किया था कि चुनाव का मतदान अब मोदी-शाह की असेंबली लाइन में धड़ाधड़ वोटों का उत्पादन है। इसलिए क्योंकि दोनों की गणित में ए टू जेड के सभी विकल्प हैं, जुमले हैं, प्रबंधकीय व्यवस्थाएं हैं। और यह सत्य लगातार साबित हुआ है। बिहार के मामले में अपने को इसलिए दिलचस्पी थी क्योंकि प्रशांत किशोर बिहार और मोदी-शाह को गहराई से जानते-समझते हैं तो वे कुछ ऐसा नया, अनहोना करेंगे जिससे कुछ उलटफेर हो। पर वे भी फेल होते लगते हैं। इसलिए क्योंकि उन्हें यह अनुमान नहीं रहा होगा कि चुनाव से ऐन पहले लगभग पूरी आबादी को अलग-अलग टुकड़ों में बांट, उनके अलग-अलग प्रतिनिधि ग्रुप बनाकर सीधे खातों में इतनी नकदी पहुंचा दी जाएगी कि घर-परिवार के लोग बाकी सब भुला देंगे। मेरा मानना है महिलाओं के खातों में दस हजार रुपए की नकदी पहुंचाना निर्णायक है। जिस प्रदेश में कुछ सौ रुपए, हजार-दो हजार रुपए के लिए लाठी चले, जान चली जाए वहां दस-दस हजार रुपए महिला के खाते में पहुंचे और उस पैसे से छठ का त्योहार मने तो वह तो उनकेड्ड लिए अमृतकाल ही होगा! कहते हैं इतनी स्कीमों, इतने बहानों की आड़ में सरकार से बिहार में पैसा बंटा है कि कोई हिसाब नहीं लग सकता। तभी ईवीएम से कथित धांधली या चुनाव आयोग की हेराफेरी या हिंदू बनाम मुस्लिम की बिहार में जरूरत नहीं होगी। बिहार का यह चुनाव सरकारी पैसे से जीता जाएगा। चुनाव में वादों से पहले ही जब पैसा बंट गया है, लोगों को खरीद लिया है तो चुनाव में भी वादों व खैरात के अलग नैरेटिव और जमीनी प्रबंध होंगे। इसलिए भाजपा-जनता दल यू की छप्पर फाड़ जीत तय है। तभी तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, इनके वामपंथी सहयोगी और प्रशांत किशोर धूल में लट्ठ मारते हुए हैं। प्रशांत किशोर की पहली उम्मीदवार लिस्ट में जातीय समीकरणों की चिंता है। मतलब लालू-तेजस्वी और राहुल गांधी की जातिवादी राजनीति की छाप। कोई भी नेता या पार्टी बिहार की दशा के हवाले मतदाताओं में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी-बेगारी, असमानता, लूट-खसोट तथा कानून-व्यवस्था की स्थितियों, अपराध आदि का मसला-मुद्दा उभार नहीं पा रहा है। तेजस्वी ने पिछली बार रोजगार का हल्ला बनाया था, अभी भी हर घर में एक सरकारी नौकरी जैसी बात है पर इससे यादव नौजवानों का जनसभाओं में रैला भले बन जाए मगर मोदी-शाह ने पहले ही घर-घर अपने वोट पका लिए हैं। इसलिए बिहार का नतीजा वैसा ही होगा जैसे सौदेबाज-धंधेबाज अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1776 में लड़ाई जीती थी।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

**वृष राशि-** आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

**कर्क राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

**तुला राशि-** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु राशि-** आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

**मीन राशि-** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# भारत की मिसाइल शक्ति हुई और प्रखर, 800 किमी ब्रह्मोस से पाकिस्तान में मची हलचल

//नीरज कुमार दुबे //

**ब्रह्मोस मिसाइल की 800 किमी मारक क्षमता का सबसे बड़ा सामरिक अर्थ पाकिस्तान के संदर्भ में उभरता है। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई सीमित है। उसके प्रमुख सैन्य ठिकाने, हवाई अड्डे, और रसद केंद्र सीमा से कुछ सौ किलोमीटर के दायरे में हैं। भारत ने अपनी सामरिक प्रहार क्षमता में एक और ऐतिहासिक छलांग लगाई है। देश अगले दो वर्षों में 800 किलोमीटर रेंज वाली नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों का इंडक्शन शुरू करेगा। यह मिसाइल मौजूदा 450 किमी संस्करण की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तय कर सकेगी और तीन गुना आवाज़ की गति से (मैक 2.8) प्रहार करने में सक्षम होगी। नौसेना और थलसेना इसे पहले चरण में अपनाएंगी, जबकि वायुसेना के लिए इसका एयर-लॉन्च संस्करण कुछ समय बाद तैयार होगा।**



इसके साथ ही, 200 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली स्वदेशी ऑस्ट्रा मार्क-2 एयर-टू-एयर मिसाइलें भी 2026-27 तक उत्पादन के लिए तैयार होंगी। दोनों मिसाइलें न केवल भारत की स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक क्षमता को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगी, बल्कि विदेशी हथियारों पर निर्भरता को भी कम करेंगी। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को निर्णायक रूप से भारत के पक्ष में झुका देगा।

देखा जाये तो भारत की नई 800 किमी रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल केवल एक तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया के सामरिक परिदृश्य में शक्ति संतुलन की नई परिभाषा है। यह सिर्फ एक हथियार नहीं, बल्कि संदेश है कि भारत अब किसी भी शत्रु के ठिकाने को दूर से सटीकता से नेस्तनाबूद करने में सक्षम है और वह भी बिना परमाणु हथियारों के सहारे। ब्रह्मोस का यह नया संस्करण, जो मौजूदा 450 किमी रेंज से लगभग दोगुना दूर तक प्रहार कर सकता है, भारतीय सैन्य सिद्धांत में दूरस्थ और निर्णायक प्रतिशोध की क्षमता को साकार करता है। चाहे समुद्र हो, भूमि या आकाश– यह सुपरसोनिक मिसाइल अपने लक्ष्य पर ऐसी गति से वार करती है कि प्रतिक्रिया का समय शून्य के बराबर रह जाता है। आज, जब अधिकांश राष्ट्र 'सटीक, सीमित और त्वरित युद्ध' की दिशा में जा रहे हैं, भारत का यह कदम उसकी सामरिक परिपक्वता का परिचायक है। इस मिसाइल की 800 किमी मारक क्षमता का सबसे बड़ा सामरिक अर्थ पाकिस्तान के संदर्भ में उभरता है। पाकिस्तान की रणनीतिक गहराई सीमित है। उसके प्रमुख सैन्य ठिकाने, हवाई अड्डे, और रसद केंद्र सीमा से कुछ सौ किलोमीटर के दायरे में हैं। 800 किमी की ब्रह्मोस मिसाइल इन सभी पर बिना भारतीय विमानों को सीमा पार भेजे सीधे प्रहार करने में सक्षम होगी। यह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' क्षमता भारत को वह सामरिक लाभ देती है जो पाकिस्तान के पास न तकनीकी रूप से है, न संसाधन के रूप में। ऑपरेशन सिंदूर में जब भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों से सीमापार आतंक ठिकानों को ध्वस्त किया था, तब ही यह स्पष्ट हो गया था कि भारत अब अपने स्टाइल से प्रहार करेगा। 800 किमी ब्रह्मोस उस रणनीति को और भी प्रखर बना देगी। यदि कल को पाकिस्तान किसी भी तरह की उकसावेभरी हरकत करता है, तो भारत को अब किसी लंबी युद्ध-तैयारी या सीमित हवाई मिशन की जरूरत नहीं होगी, केवल आदेश देना होगा और परिणाम तय होगा। दूसरी ओर, 200+ किमी की ऑस्ट्रा मार्क-2 मिसाइलें वायुसेना को निर्णायक आकाशीय बढ़त देंगी। अब भारत दुश्मन के फाइटर जेट्स को उनके राडार कवरेज में आने से पहले ही गिरा सकेगा। मई के हवाई अभियानों में पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए चीनी क्क-15 मिसाइलों ने भारत के लिए यह चेतावनी दी थी कि वायुक्षेत्र में रेंज का खेल निर्णायक होता है। ऑस्ट्रा-2 और आने वाली ऑस्ट्रा-3 इस कमी को पूरी तरह समाप्त कर देंगी।

इस सैन्य विकास का पाकिस्तान के लिए अर्थ स्पष्ट है– उसकी मौजूदा रक्षा-संरचना पुरानी पड़ चुकी है। न उसकी वायु रक्षा प्रणाली ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल को रोक सकती है, न उसकी आर्थिक स्थिति नई तकनीकों की दौड़ में बने रहने की अनुमति देती है। यदि भारत अपनी 800 किमी ब्रह्मोस को नौसेना के जहाजों, थलसेना के मोबाइल लॉन्चर और वायुसेना के सुखोई जैसे प्लेटफॉर्म्स पर तैनात करता है, तो पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन जाएगी।

यह मिसाइल भारत को केवल पश्चिमी मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीतिक गहराई देती है। चीन के संदर्भ में भी, यह क्षमता भारतीय नौसेना को मलक्का से अंडमान तक सर्जिकल कंट्रोल प्रदान करेगी। लेकिन पाकिस्तान के लिए खतरा तात्कालिक है– उसे अब न केवल अपनी सीमाओं पर सतर्क रहना होगा बल्कि अपने एयरबेस और कमांड सेंटरों को भी गहराई तक पुनर्गठित करना पड़ेगा। यह उसके सीमित संसाधनों पर भारी बोझ डालेगा।

भारत की रक्षा नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रो-एक्टिव डिटरेंस की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यह नीति स्पष्ट संकेत देती है कि भारत अब केवल जवाब नहीं देगा, बल्कि शर्तें तय करेगा। यह वही भारत है जो तकनीकी आत्मनिर्भरता के बल पर अपना सामरिक संतुलन खुद गढ़ रहा है– रूस, फ्रांस या इज़राइल की जगह अब DRDO और BrahMos Aerospace भारतीय रक्षा-शक्ति के असली प्रतीक बन गए हैं। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि 800 किमी ब्रह्मोस भारत की ÷सामरिक शांति की मिसाइल है– क्योंकि वास्तविक शांति वही सुनिश्चित कर सकता है जिसके पास निर्णायक शक्ति हो। पाकिस्तान को अब समझ लेना चाहिए कि उसकी प्रॉक्सी वॉर की कीमत अब पहले जैसी नहीं रहेगी। यदि उसने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो भविष्य में उसे केवल कूटनीतिक अलगाव ही नहीं, बल्कि सामरिक विनाश की वास्तविक संभावना का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि शांति की इच्छा हमारी नीति है, लेकिन शक्ति उसका संरक्षक है।

# हर कॉल के बाद झूठा दावा करने वाले ट्रंप से क्या मोदी को आसियान सम्मेलन में मिलना चाहिए?

//नीरज कुमार दुबे//

**मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जिसने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि यह भी दिखाया है कि वाशिंगटन की राजनीति में भारत का उल्लेख प्राय: घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है।**



दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह के दौरान दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा, मोदी ने बताया है कि भारत अब रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। वे भी चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध समाप्त हो। वहीं बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन करने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस पर्व पर दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें।'' गौर करने वाली बात यह है कि मोदी और ट्रंप के बीच 16 सितंबर के बाद से फोन पर हुई यह तीसरी बातचीत है जिसकी सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक जानकारी में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी कोई बात नहीं कही है जिससे यह प्रदर्शित होता हो कि रूसी तेल को लेकर दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत हुई तो वहीं ट्रंप ने अपने बयान में रूसी तेल खरीद को लेकर फिर से अपना पुराना दावा दोहरा दिया है। हम आपको बता दें कि मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। देखा जाये तो यह दावा न तो भारत सरकार की किसी आधिकारिक घोषणा में परिलक्षित होता है और न ही वैश्विक तेल बाजार के आँकड़े इसे पुष्ट करते हैं। तेल व्यापार जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रूसी तेल खरीद में कोई विशेष कमी नहीं आई है; अधिकांश सौदे पहले से तय अनुबंधों के अंतर्गत चल रहे हैं।


देखा जाये तो ट्रंप के इस वक्तव्य के दो प्रमुख पहलू हैं– पहला, यह कि वह आश्वासन का दावा कर रहे हैं, जबकि भारत ने ऐसा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। दूसरा, ट्रंप ने खुद अपने पहले के दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि भारत पूरी तरह नहीं, काफी कम तेल खरीदेगा। यह बदलाव संकेत देता है कि या तो उन्हें पहले गलत जानकारी दी गई थी, या वे जानबूझकर ऐसी बातें करते हैं जो घरेलू राजनीतिक संदेशों के लिए उपयोगी हों। दूसरी ओर, भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित से संचालित होती है और जब तक पश्चिमी प्रतिबंध भारत पर लागू नहीं हैं, वह सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ऐसे में ट्रंप के बयान का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं दिखता।

वैसे यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत का हवाला देते हुए भ्रामक या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा किया हो। ट्रंप की राजनीति में सुपर डीलमेकर की छवि बनाये रखना आवश्यक है। वह हर अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को एक बड़ी डील के रूप में प्रस्तुत करते हैं ताकि अमेरिकी मतदाताओं को लगे कि वह विश्व मंच पर अमेरिका फर्स्ट नीति को सफल बना रहे हैं। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ मित्रवत संबंध उनके लिए प्रचार का सबसे आसान माध्यम है– क्योंकि यहां का प्रवासी भारतीय समुदाय अमेरिकी चुनावी परिदृश्य में एक प्रभावशाली वर्ग बन चुका है। उधर, प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह स्थिति नाजुक है। भारत और मेरिका के बीच रणनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं– क्वॉड, इंडो-पैसिफिक और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश निकटता बढ़ा रहे हैं। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार ऐसे फर्ज़ी या अधूरे दावे करते हैं जो भारत की संप्रभु नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, तो दिल्ली की प्रतिक्रिया केवल शालीन मौन तक सीमित नहीं रह सकती। भारत का विदेश मंत्रालय अब तक ट्रंप के बयानों पर नो कमेंट नीति अपनाता आया है, किंतु इससे यह जोखिम रहता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिकी दावा धीरे-धीरे स्वीकार्य धारणा बन सकता है। इसीलिए, भारत को स्पष्ट रूप से यह संकेत देना चाहिए कि ऊर्जा नीति या रूस से व्यापार जैसे निर्णय किसी बाहरी दबाव के अधीन नहीं लिए जाते।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रंप के ऐसे भ्रामक दावों के बीच मोदी का उनसे मिलना ठीक रहेगा। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित भेंट अगले सप्ताह मलेशिया में होने वाले आसियान सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह बैठक औपचारिक रूप से तय नहीं है, किंतु अगर होती है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या मोदी को ऐसे नेता से मिलना चाहिए जो हर बार बातचीत को घरेलू प्रचार का हथियार बना देता है। देखा जाये तो कूटनीति में संबंध बनाए रखना और गरिमा बचाए रखना दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। भारत अमेरिका से संबंध तोड़ नहीं सकता– लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि वह किसी भी मंच पर अपनी नीति को सहभागी की तरह प्रस्तुत करे, उपसंहारक की तरह नहीं। मोदी सरकार को इस भेंट को औपचारिक संवाद के स्तर तक सीमित रखना चाहिए और किसी भी संयुक्त बयान में ऐसे शब्दों से बचना चाहिए जिन्हें ट्रंप बाद में अपने राजनीतिक लाभ के लिए तोड़-मरोड़ सकें। इसमें कोई दो राय नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप की शैली त्वरित, आत्म-केन्द्रित और प्रचारमुखी है।

वह हर वार्ता को शो में बदल देते हैं। भारत जैसे परिपक्व लोकतंत्र के लिए ऐसे प्रदर्शनों में भागीदार बनना न तो आवश्यक है, न लाभकारी। भारत को अपने हित में, अपने स्वर में और अपने तथ्यों के आधार पर बोलना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के दीपावली डिप्लोमेसी में शामिल होना तो ठीक है, पर उनके फर्जी तेल-सत्य के खेल में नहीं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी शक्ति वही होती है जो अपने शब्दों पर टिकी रह सके और भारत को यही दिखाना होगा कि उसकी नीतियाँ किसी ट्रंप टेलीफोन कॉल से नहीं, बल्कि उसकी अपनी ऊर्जा, रणनीति और आत्मविश्वास से संचालित होती हैं।

## तस्वीरों की दुनिया




केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस और अर्धसैनिक बलों को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की।




केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित पिपिंग समारोह के दौरान स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का चमचमाता प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने केरल के सबरीमाला मंदिर में दर्शन और पूजा की।

# दिल्ली में 500 से ऊपर गया एक्यूआई, 1000 पार हुए पीएम स्तर

## सीपीसीबी के सर्वर और सेंसर ने छोड़ा साथ



**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण का स्तर अत्यधिक बढ़ जाने पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण (सीपीसीबी) भी बेबस हो जाता है। इसके अनेकानेक एयर क्वालिटी मानिटरिंग स्टेशन काम करना बंद कर देते हैं। दीवाली की रात भी ऐसा ही देखने में आया। आधी रात के बाद तक खूब आतिशबाजी व पटाखे जलाने से दीवाली की रात राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण इस हद तक बढ़ा कि बहुत से मानिटरिंग स्टेशन ही बैठ गए।यही वजह रही है कि रात को लगभग पांच घंटे तक अलग अलग स्टेशनों का प्रति घंटे का आंकड़ा ही नहीं मिला। हालांकि आधिकारिक स्तर पर इस पहलू को छिपाया एवं दबाया जा रहा है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक एक्यूआई के एक सीमा पार कर जाने पर मानिटरिंग स्टेशन एक्यूआई की गणना कर ही नहीं पाते।विश्वस्त सूत्र बताते हैं कि दीवाली की रात सीपीसीबी का यूडीएल (अप-डाउन लिंक) फेल हो जाने से कुछ स्टेशनों का एक्यूआई डाटा गायब हुआ था। दरअसल, दिल्ली में सीपीसीबी के 39 मानिटरिंग स्टेशन हैं, जो उसके सर्वर से ऑनलाइन जुड़े हुए हैं। इनका डाटा इस सर्वर तक यूडीएल से ही पहुंचता है। सूत्र बताते हैं कि तकनीकी तौर पर इन सभी मानिटरिंग स्टेशनों में एक्यूआई की कैपिंग तो 500 तक है लेकिन पीएम 2.5 और पीएम 10 की गणना 1000 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक हो सकती है। बताया जाता है कि दीवाली की रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक पटपड़गंज, नेहरू नगर, जेएलएन स्टेडियम, आईटीओ, एनएसआईटी द्वारका, आयानगर व ओखला फेज दो सहित अनेक स्टेशनों पर एक्यूआई के आंकड़े दर्ज ही नहीं हुए। वजह, इन सभी जगह पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर 1000 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से भी ऊपर पहुंच गया।लिहाजा, इन स्टेशनों के सेंसरों ने काम करना बंद कर दिया। यूडीएल लिंक फेल हो गया, उनका आंकड़ा सीपीसीबी के सर्वर तक पहुंच ही नहीं पाया।

# बिहार को 5 मुख्यमंत्री दिए इस विश्वविद्यालय ने... राजधर्म की पाठशाला बना राजपाट का पावर सेंटर, राजनीति से है गहरा नाता

**भागलपुर, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) न सिर्फ शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, बल्कि यह राजनीति की दृष्टि से भी उपजाऊ भूमि साबित हुआ है। विश्वविद्यालय और इसके अधीन आने वाले महाविद्यालयों ने बिहार ही नहीं, देश को भी अनेक ऐसे जनप्रतिनिधि दिए हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली, विचारधारा और नेतृत्व क्षमता से समाज में गहरी छाप छोड़ी। इनमें तेज नारायण बनैली महाविद्यालय (टीएनबी कालेज) का योगदान विशेष उल्लेखनीय है। इस कालेज ने सूबे को चार मुख्यमंत्री छात्र के रूप में और एक मुख्यमंत्री शिक्षक के रूप में देने का गौरव प्राप्त किया है। टीएनबी कालेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डा. रविशंकर कुमार चौधरी के अनुसार, जगन्नाथ मिश्रा, भागवत झा आजाद, सतीश प्रसाद सिंह और दरोगा प्रसाद राय इसी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं, जबकि सबसे कम अवधि के मुख्यमंत्री सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा यहां के शिक्षक रह चुके हैं। पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र और भागलपुर के वर्तमान विधायक अजीत शर्मा भी इसी कालेज के छात्र रहे हैं।टीएमबीयू का अतीत राजनीतिक दृष्टि से गौरवशाली रहा है। गांधी विचार विभाग के संस्थापक अध्यक्ष और जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. रामजी सिंह ने यहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कर संसद तक का सफर तय किया। विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकों ने भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस नेता डा. शिवचंद्र झा विश्वविद्यालय के ग्रामीण अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर थे, जो बाद में विधायक और विधानसभा अध्यक्ष बने।इतिहास विभाग के प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद सिंह विधान परिषद सदस्य और शिक्षा मंत्री रहे। उर्दू विभाग के प्रोफेसर लुत्फुर रहमान नाथनगर से विधायक चुने गए, वहीं मुरारका कॉलेज के प्रोफेसर ललित नारायण मंडल सुल्तानगंज से विधायक बने। डा. योगेंद्र महतो, डा. क्षमेंद्र प्रसाद सिंह, डा. रतन मंडल, डा. जे.सी. चौधरी और डा. विलक्षण रविदास जैसे कई शिक्षकों ने भी राजनीति में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। भले ही सभी को चुनावी सफलता न मिली हो, लेकिन समाज और छात्र राजनीति में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। सिंडिकेट सदस्य प्रो. (डा.) डी.एन. राय ने बताया कि हालिया विधानसभा चुनाव में भी विश्वविद्यालय के कई शिक्षक टिकट की दौड़ में शामिल रहे। अंबेडकर विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. संजय रजक को राजद से पीरपैंती सीट का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। उनका कहना है कि टीएमबीयू ने बिहार की राजनीति को नई दिशा दी है और यहां के शिक्षक व छात्र समाज की नब्ज़ को गहराई से समझते हैं। भविष्य में भी विश्वविद्यालय का यह राजनीतिक योगदान और सशक्त रूप में सामने आने की संभावना है।सुंदरवती महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डा. दीपक कुमार दिनकर का कहना है कि टीएमबीयू और इसके अधीन महाविद्यालय वैचारिक चर्चा, विचारों की बहस और नेतृत्व निर्माण का केंद्र रहे हैं। यही कारण है कि यहां से निकले विद्यार्थी आगे चलकर बिहार और देश की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपराजिता सारंगी, एसएम कॉलेज की पूर्व छात्रा, 2019 में भुवनेश्वर से भाजपा सांसद बनीं। उन्होंने अंग्रेजी में स्नातक इसी विश्वविद्यालय से किया था। वहीं निशिकांत दुबे, मारवाड़ी कॉलेज, भागलपुर के पूर्व छात्र, आज झारखंड की राजनीति में बड़ा नाम हैं। राम रतन सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और टीएमबीयू के पूर्व छात्र, वर्तमान में बेगूसराय के टेघरा से विधायक हैं।टीएमबीयू के पूर्व छात्र जगन्नाथ मिश्रा (कांग्रेस) तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। पहली बार 11 अप्रैल 1975 से 30 अप्रैल 1977,दूसरी बार 8 जून 1980 से 14 अगस्त 1983, तीसरी बार 6 दिसंबर 1989 से 10 मार्च 1990। इसके अलावा सतीश प्रसाद सिंह (28 जनवरी 1968 से 1 फरवरी 1968, केवल 4 दिन), भागवत झा आजाद (14 फरवरी 1988 से 10 मार्च 1989), दरोगा प्रसाद राय (16 फरवरी 1970 से 22 दिसंबर 1970) और सत्येंद्र नारायण सिन्हा (11 मार्च से 6 दिसंबर 1989) भी इस कालेज से जुड़े मुख्यमंत्री रहे हैं।

## सांसदों के रहने के लिए बनवाए गए ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में साजिशन लगाई गई थी आग, पुलिस को संदिग्ध की तलाश

**नई दिल्ली।** डॉ. बिशंबर दास मार्ग स्थित राज्यसभा सदस्यों के ब्रह्मपुत्रा अपार्टमेंट में लगी आग में जांच के बाद अब नया मोड़ आ गया है। जांच में पता चला है कि आग जानबूझ कर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई थी।क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने आग बुझने के बाद जांच के बाद अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें पता चला कि किसी संदिग्ध व्यक्ति ने जानबुझ कर उस इमारत में आग लगाई थी। दिल्ली पुलिस ने अपनी एफआईआर में भी यह बात लिखी है। फिलहाल, रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उस अज्ञात व्यक्ति की तलाश में जुटी है। ज्ञात हो 18 अक्टूबर की दोपहर करीब 1 बजकर 24 मिनट पर बीडी मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना दमकल विभाग और नार्थ एवेन्यू पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर दमकल विभाग की 11 गाड़ियां पहुंच गई थी। इसके अलावा तीन एंबुलेंस और 8 पीसीआर की गाड़ियां पहुंचीं। लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया था। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। आग बुझाने के बाद मौके पर फायर विभाग के इंचार्ज राजेंद्र अटवाल मौके पर मौजूद थे। मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल की टीम भी पहुंच गई थी।

# सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर पर लगाया कंटेट चोरी का आरोप, डिजिटल स्ट्राइक की धमकी देकर हड़पे 50 लाख

**जबलपुर, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

शहर के एक इंटरनेट इन्फ्लूएंसर को उसके इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर डिजिटल स्ट्राइक की धमकी देते हुए कंटेंट चोरी का आरोप लगाकर साइबर ठग ने 50 लाख रुपये हड़प लिए। उसके बाद भी आरोपित उसे धमका रहे थे।इंटरनेट मीडिया अकाउंट बंद करने का बोल बोलकर ब्लैकमेल कर रहे थे, तब इन्फ्लूएंसर ने साइबर सेल में मामले की शिकायत की। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजीम अहमद ने वर्ष 2017 में इंटरनेट मीडिया पर अपना एक पेज बनाया। कोरोना लॉकडाउन से वर्ष 2021 तक उनके पेज के फॉलोअरों की अधिक हो गई। इसके बाद उसने इंटरनेट मीडिया पर स्कूल-डे नाम से 96 से अधिक अकाउंट बनाए। इनका उपयोग कुछ समय बाद अजीम प्रमोशन और अपनी कमाई के लिए करने लगे।दोस्तों के साथ




मिलकर एक डिजिटल विज्ञापन एवं प्रमोशन कंपनी बना ली, फिर अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट से कंपनियों एवं उत्पादों के प्रमोशन और विज्ञापन करने लगे। कई नामी ई-कॉमर्स एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां उनकी उपभोक्ता हैं।अजीम के इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर कंपनियों के विज्ञापन बढ़ने बाद मार्च में उनके पास एक ईमेल आया। जिसमें उन पर कंपनी एवं उत्पादों के प्रमोशन में कटेंट चुराने का आरोप लगाया गया। चेतावनी दी गई कि उनका इंटरनेट मीडिया अकाउंट बंद कर दिया जाएगा। जिसे अजीम ने अनदेखा कर दिया और अपना काम जारी रखा।कुछ दिनों बाद उनके अकाउंट पर डिजिटल स्ट्राइक हुई।

दो लाख फालोअर घट गए। संबंधित इंटरनेट मीडिया अकाउंट भी बंद हो गया। दोबरा अकाउंट बनाने में लगे 15 लाख रुपये- इंटरनेट मीडिया पर अचानक फालोअप की संख्या गिरने से अजीम परेशान हुए।उन्होंने मामले में संबंधित इंटरनेट मीडिया कंपनी से ईमेल पर संपर्क किया। बातचीत के बाद अकाउंट को दोबारा शुरू कराया। इस प्रक्रिया में उनके 10 से 15 लाख रुपये खर्च हो गए। इसके बाद साइबर ठग के अजीम के पास लगातार फोन आते रहे। फोन करने वाले स्वयं को पुणे में होना और मध्यस्थ बताया। रुपये नहीं देने पर अकाउंट पर स्ट्राइक की धमकी देकर अलग-अलग किस्त में 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद फिर तीन अकाउंट बंद करने की धमकी देकर रुपये मांगने लगा।

## अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में फूटा पटाखा यात्रियों में मची अफरातफरी

**बस्ती।** आनंद विहार से चलकर सहरसा जाने वाली 15558 डाउन ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस में पटाखा की आवाज से कोच एस-नौ में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में किसी ने चैन पुलिंग कर दी, जिससे ट्रेन 34 मिनट तक खड़ी रही।बुधवार की तड़के 2.45 पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही गौर रेलवे स्टेशन के आगे ओवर ब्रिज के समय पहुंची वैसे ही यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। कोच एस नौ में बैठे यात्री उतरकर इधर-उधर भागने लगे। पूछने पर यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में किसी ने फटाखा फोड़ दिया है।डर और दहशत से बदहवास लोग ट्रैक पर ही दौड़ने लगे। बाद में घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर गौर पुलिस पहुंच गई और यात्रियों को समझा बूझकर ट्रेन में बैठाया।

# जुगसलाई के पाइप गोदाम में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**जमशेदपुर ।** जुगसलाई थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित बासुकीनाथ ट्रेड्स की पाइप गोदाम में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते-देखते गोदाम का बड़ा हिस्सा आग की चपेट में आ गया। जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर जुगसलाई पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि, संकरी गलियों व अव्यवस्थित रास्तों के कारण दमकल वाहनों को गोदाम तक पहुंचने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद दमकल कर्मियों ने अथक प्रयास करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास जारी रखा। देर



रात तक आग बुझाने का काम जारी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोदाम में रखे गए पीवीसी पाइप, प्लास्टिक सामग्री और अन्य ज्वलनशील वस्तुओं ने आग को और विकराल बना दिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पुलिस और दमकल विभाग की ओर से जांच जारी है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार, लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से संकरी गलियों में दमकल वाहन के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने और अग्निशमन उपायों को मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। गोदाम बालमुकुंद अग्रवाल की है।

# सशस्त्र बलों के लिए तीव्र गति की छह गश्ती नौकाएं खरीदेगी सरकार

## तस्करी रोकने और सीमा निगरानी में होगा इस्तेमाल



**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर ।**

सरकार सशस्त्र बलों के लिए तीव्र गति की छह गश्ती नौकाएं खरीदने की योजना बना रही है। इनका इस्तेमाल निगरानी और टोही उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। नौकाओं की खरीद के लिए जारी किए गए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) से यह जानकारी मिली है। खरीद (भारतीय-आइडीडीएम) श्रेणी के तहत छह तीव्र गति की गश्ती नौकाओं की खरीद के लिए तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव के अनुरोध की आरंभिक तिथि 21 अक्टूबर और अंतिम तिथि 13 जनवरी, 2026 है।खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी से तात्पर्य किसी भारतीय विक्रेता से ऐसे उत्पादों की खरीद से है, जिन्हें कुल अनुबंध लागत के न्यूनतम 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया हो।

आरएफपी में दर्ज खरीद के प्रमुख पहलुओं और समयसीमा के अनुसार, न्यूनतम स्वदेशी सामग्री 60 प्रतिशत होनी चाहिए। आरएफपी में कहा गया है कि तेज गति की गश्ती नौका का इस्तेमाल निगरानी, टोही और गश्ती उद्देश्यों के लिए होगा। नौकाओं का इस्तेमाल संघर्ष क्षेत्र में गश्त और निगरानी के लिए भी किया जाएगा। आरएफपी में कहा गया है, भारत सरकार इस अनुरोध पर केवल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) या अधिकृत विक्रेताओं से ही प्रस्ताव आमंत्रित करती है, बशर्ते कि यदि एक ही उपकरण उपरोक्त पक्षों में से एक से अधिक द्वारा पेश किया जाता है, तो ओईएम को प्राथमिकता दी जाएगी।

# बरेली उपद्रव के बाद निदा खान को मिल रही धमकी, इंटरनेट जेनरेटेड नंबर से आ रही कॉल्स



**बरेली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

26 सितंबर को हुए उपद्रव के बाद से आला हजरत खानदान की बहू निदा खान को धमकी मिल रही हैं। उनके इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स पर उन्हें अपशब्द बोले जा रहे हैं। इंटरनेट जेनरेटेड नंबर से काल्स आ रही हैं। इन सब से डरी निदा खान ने बुधवार को एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया।कहा कि मौलाना के फालोवर्स उन्हें लगातार धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।4 मिनट 24 सेकंड के वीडियो में निदा बताती हैं कि उनकी शादी आला हजरत खानदान में हुई थी मगर कुछ कारणों की वजह से उनका अलगाव हो गया।

वह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। निदा बताती हैं कि अलगाव के बाद भी उन्हें कई धमकियां मिली थीं मगर 26 सितंबर को हुए उपद्रव और मौलाना के जेल जाने के बाद कुछ अलग ही हालात पैदा हो गए हैं। निदा का आरोप है कि मौलाना तौकीर के फालोवर्स पिछले करीब आठ दिनों से उन्हें लगातार इंटरनेट जेनरेटेड नंबरों से काल्स कर धमकी दे रहे हैं। उनका नंबर भी मोबाइल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा हैं। इससे भी आरोपितों का मन नहीं भर रहा तो उनके इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स पर अपशब्द बोलने लगे। तरह-तरह की धमकी दे रहें हैं।निदा कहा कहना हैं कि अब वह खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी हैं। निदा ने यह भी कहा है कि मौलाना के साथ जो भी हुआ वह अच्छा हुआ क्योंकि उनकी वजह से न जाने कितने मुसलमानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।निदा ने धमकी भरे काल्स व इंटरनेट मीडिया पर कहे जाने वाले अपशब्द को लेकर बुधवार को एक वीडियो जारी किया। वीडियो के माध्यम से उन्होंने सुरक्षा और आरोपितों पर कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## चीन और अमेरिका में बढ़ रहा कारोबार तनाव, अमेरिकी सॉफ्टवेयर से बने उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध की तैयारी

**वाशिंगटन।** चीन और अमेरिका के बीच कारोबारी तनाव बढ़ते जा रहा है। चीन की तरफ से रेयर अर्थ के निर्यात पर अंकुश लगाए जाने से नाराज अमेरिका भी जवाबी कदम उठाने की तैयारी में जुट गया है। ट्रंप प्रशासन चीन को अमेरिकी सॉफ्टवेयर से बने उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन चीन को लैपटाप से लेकर जेट इंजन तक सॉफ्टवेयर संचालित निर्यात पर रोक लगाने की योजना पर विचार कर रहा है। यह कदम बीजिंग के हालिया रेयर अर्थ निर्यात प्रतिबंधों के जवाब में उठाया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में चीन को महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर निर्यात पर रोक लगाने की चेतावनी दी थी।

# बेगूसराय में ट्रेन से कटकर 4 लोगों की दर्दनाक मौत, मच गई चीख-पुकार



**बलिया, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बरौनी-कटिहार रेलखंड के साहेबपुरकमाल और उमेशनगर रेलवे स्टेशन के बीच रहुआ गांव के पास बुधवार की रात हुए दर्दनाक हादसे में मां-बेटी सहित एक ही परिवार के चार लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया।मृतकों की पहचान रहुआ गांव निवासी धर्मदेव महतो, रीता देवी (42 वर्ष, पत्नी मदन महतो), रोशनी कुमारी (14 वर्ष, पुत्री मदन महतो) और आरोही कुमारी (7 वर्ष, धर्मदेव महतो के भगिना की पुत्री) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग बुधवार की रात रघुनाथपुर से काली मेला देखकर घर लौट रहे थे। रहुआ गांव के समीप रेलवे ट्रैक के दोनों ओर पानी भरा होने के कारण वे पटरी के किनारे-किनारे होकर गुजर रहे थे। इस दौरान बरौनी से खगड़िया की ओर जा रही अमरपाली एक्सप्रेस ट्रेन ने चारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही सभी की मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही साहेबपुरकमाल थानाध्यक्ष सिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं, खगड़िया जीआरपी और आरपीएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। शवों को ग्रामीणों की मदद से ट्रैक से हटाकर गांव लाया गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस हृदयविदारक घटना से रहुआ गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है। हर आंख नम है और पूरा इलाका शोक में डूबा हुआ है।

# सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर से मारपीट दुष्कर्म की धमकी, अब तक 3 गिरफ्तार



**कोलकाता।** हावड़ा जिले के उलबेडिया स्थित सरकारी शरत चंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में एक जूनियर महिला डाक्टर के साथ कथित मारपीट और दुष्कर्म की धमकी के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित की पहचान शेख सम्राट के रूप में हुई है और उसे मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया। इसी के साथ सोमवार को हुई इस घटना के सिलसिले में अब तक कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, डाक्टर द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एक ट्रैफिक होमगार्ड और उसके पड़ोसी को गिरफ्तार किया गया था। इधर, इस घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को उलबेडिया में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। महिला डाक्टर के साथ मारपीट और दुष्कर्म की धमकी की घटना के विरोध में भाजपा ने ग्रामीण एसपी कार्यालय के घेराव अभियान का आह्वान किया था। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेड्स लगा दिए थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड्स को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की। हालांकि बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल और रैफ के जवानों ने उन्हें रोक दिया। कुछ भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेड्स के उपर चढ़कर पार्टी के झंडे लगहराने की भी कोशिश की, जिन्हें रैफ ने रोक दिया। इस दौरान पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई भी हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

भाजपा ने दावा किया कि घटना में उसके दो कार्यकर्ता घायल हो गए। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर खारिया मायापुर निवासी की एक गर्भवती महिला के अस्पताल में भर्ती होने के बाद घटी थी। शाम को नियमित जांच के दौरान, जूनियर डाक्टर मरीज की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण पूरी तरह से शारीरिक जांच नहीं कर पाई। मरीज के होमगार्ड रिश्तेदार और दो अन्य लोगों ने डाक्टर से मरीज की हालत के बारे में पूछताछ की। इसके बाद बहस हुई। आरोप है कि उसी दौरान महिला डाक्टर को कथित तौर पर थप्पड़ मारा गया, उनका हाथ मरोड़ा गया और गालियां दी गईं। महिला डाक्टर की शिकायत के अनुसार, आरोपितों ने उन्हें दुष्कर्म करने की धमकी भी दी और अस्पताल परिसर से बाहर जाने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी।

# ट्रक में गुप्त केबिन बनाकर की जा रही थी मादक पदार्थों की तस्करी सिमडेगा में सवा दो करोड़ रुपये के 441 किलोग्राम गांजा बरामद




**सिमडेगा ।** गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) रांची जोनल यूनिट और सिमडेगा पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की भारी खेप बरामद की है।सूचना थी कि राउरकेला (ओडिशा) की ओर से सिमडेगा मार्ग से होकर एक ट्रक में छिपाकर गांजा की तस्करी की जा रही है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोलेबिरा थाना क्षेत्र के छगरीबांधा स्थित साहू पेट्रोल पंप के पास ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक के भीतर विशेष रूप से बनाए गए छिपे केबिन से 84 पैकेट में कुल 441 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया । बरामद गांजे का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग सवा दो करोड़ रुपये बताया गया है।मौके से ट्रक चालक नसीम (पिता- कमरूदीन), ग्राम लफुरी, थाना पुनहाना, जिला : नुहु (हरियाणा) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है।इस संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व सिमडेगा पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम. अर्शी और एनसीबी झारखंड-बिहार जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद के निर्देशन में किया गया। सिमडेगा एसपी एम. अर्शी ने बताया कि मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ सिमडेगा पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी बढ़ाई गई है ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। वहीं एनसीबी झारखंड-बिहार जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद ने कहा कि इस कार्रवाई से तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। एनसीबी और स्थानीय पुलिस मिलकर इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और आपूर्तिकर्ताओं की पहचान में जुटी हैं।अधिकारियों ने कहा कि यह सफलता मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी उपलब्धि है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

# टीटीई बनकर यात्रियों से रुपये वसूल रहा था सेना का जवान, चेकिंग स्टाफ ने दबोचा



**ग्वालियर।** पुणे से चलकर जम्मूतवी जा रही झेलम एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैठे यात्रियों से फर्जी टीटीई बनकर अवैध वसूली कर रहे सेना के एक जवान को टिकट चेकिंग स्टाफ ने पकड़ लिया। त्योहार के कारण कई यात्री जनरल कोच में बेटिकट बैठे थे। इसका जवान ने फायदा उठाया। वह झांसी से ग्वालियर के बीच स्वयं को टीटीई बताकर यात्रियों से रुपये वसूलने लगा।ट्रेन में सवार एक यात्री ने संदेह होने पर इसका वीडियो बनाकर एक्स पर पोस्ट किया, जिसके बाद ट्रेन के ग्वालियर पहुंचने पर सेना के जवान को टिकट चेकिंग स्टाफ ने आरपीएफ की सहायता से पकड़ लिया। फर्जी टीटीई का नाम कमल कुमार पांडे निवासी कुशीनगर उत्तर प्रदेश है और वह वर्तमान में झांसी में पदस्थ है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वो पहले भी दो बार ऐसा कर चुका है। उसके पास से 1620 रुपये बरामद हुए और वह खुद ही बेटिकट झांसी से ग्वालियर आ रहा था।

# रजत जयंती महोत्सव के दौरान होगा सूर्यकिरण एरोबैटिक शो, तैयारी जारी

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी नवा रायपुर का आसमान 5 नवम्बर को भारतीय वायुसेना के शौर्य से गूंजेगा। भारतीय वायुसेना की विश्वविख्यात सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम अपने रोमांचकारी करतबों से छत्तीसगढ़ और देशवासियों को गर्व, उत्साह और देशभक्ति की भावना से भर देगी। यह शो राज्य के रजत जयंती समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा।

राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह एरोबैटिक शो छत्तीसगढ़ की प्रगति, उपलब्धियों और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। नवा रायपुर के आसमान में जब सूर्यकिरण टीम उड़ान भरेगी, तब 'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट-इन-द-स्काई' और 'एरोहेड' जैसी प्रसिद्ध फॉर्मेशन्स दर्शकों में रोमांच और राष्ट्रीय गर्व की भावना भर देंगी। यह आयोजन राज्य शासन और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। रायपुर सहित आसपास के जिलों से हजारों नागरिक, विद्यार्थी और परिवारजन इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनने नवा रायपुर पहुँचेंगे। 'सूर्यकिरण एरोबैटिक शो' केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारतीय वायुसेना



के साहस, सटीकता और समर्पण का प्रतीक है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की जनसहभागिता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का जीवंत उदाहरण बनेगा। 5 नवम्बर को नवा रायपुर का आसमान गर्व, रोमांच और देशभक्ति के रंगों से भर उठेगा। सूर्यकिरण टीम का यह शो हर दर्शक के मन में वीर वायुसैनिकों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना जगाएगा। वर्ष 1996 में गठित सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम भारतीय वायुसेना की सटीकता, साहस और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। यह एशिया की एकमात्र नौ-विमान वाली




एरोबैटिक डिस्प्ले टीम है। इन विमानों की उड़ानें इतनी सटीक होती हैं कि पंखों के बीच की दूरी मात्र पाँच मीटर से भी कम रह जाती है । यही कौशल भारत को वैश्विक स्तर पर अलग पहचान दिलाता है। टीम ने अपनी यात्रा से प्रारंभ की थी और वर्ष 2015 में स्वदेशी तकनीक पर आधारित के साथ नई उड़ान भरी। सूर्यकिरण टीम न केवल हवाई करतबों के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा हेतु प्रेरित भी करती है। अब तक टीम ने भारत और विदेशों में 700 से अधिक प्रदर्शन किए हैं। श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ब्रिटेन और थाईलैंड जैसे देशों में इसने भारत की तकनीकी क्षमता और अनुशासन का परिचय कराया है। टीम ने सिंगापुर एयर शो, दुबई एयर शो और रॉयल थाई एयर फोर्स की 88वीं वर्षगांठ सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

वर्ष 2023 में सूर्यकिरण टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट विश्वकप के दौरान शानदार प्रदर्शन कर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा यह छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गौरव का अवसर है कि भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम हमारे रजत जयंती समारोह का हिस्सा बनेगी। यह शो राज्य के विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव की उड़ान का प्रतीक बनेगा। मैं प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूँ कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और हमारे वीर वायुसैनिकों के कौशल को सलाम करें।

## गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के बालमगढ़ पर्यटन स्थल गेट पर कर्मचारी के दुर्व्यहार को लेकर मिल रही शिकायतें

**कोरिया बैकुंठपुर।** गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान सोनहत में स्थित बालम गढ़ पर्यटन स्थल पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते है। इस दौरान प्रवेश द्वार पर ड्यूटी में वन विभाग के द्वारा बिट गार्ड महेन्द्र पैकरा की ड्यूटी लगाई गई है गत 21 अक्टूबर मंगलवार को पर्यटकों से बदतमीजी और अपने पद की गर्मी दिखाते दिखा और लोगों से अभद्र करता नजर आया। पर्यटकों के द्वारा बताया गया बिट गार्ड नशे के हालत में था और प्रवेश द्वार पर बने झोपड़े पे ड्यूटी के दौरान मुर्गा बकरा दारू पार्टी बनाया जा रहा था। इस दौरान स्वास्थ विभाग के स्टाफ के द्वारा बताया गया कि मैं विभाग से हु तो द्वस्त्र मांगा गया और द्वस्त्र दिखाने के बाद भी स्टाफ को पद की गर्मी दिखाते हुए बीट गार्ड के द्वारा जो पर्ची काट रहा था उसको बोला जा रहा था कि पर्ची काटो और नहीं काटेंगे तो गाड़ी बाहर निकलवाओ ।

पर्यटक दीपक सिंह के द्वारा बताया गया कि बीट गार्ड नशे में फूल था और उससे बात करने पर बत्तमीजी कर रहा था। उसको बोलने पर की तुम्हारी शिकायत करेंगे ऊपर ऑफिस में तो उनके द्वारा बोला गया कि कही शिकायत करो मेरा कुछ नहीं उखाड़ सकते। पढ़े लिखे विभाग स्टाफ के साथ इसका ऐसा व्यवहार किया जाता है तो आम आदमी जनता के साथ कैसा व्यवहार किया जाता होगा। पर्यटक दीपक सिंह ने बताया कि इनके द्वारा पर्ची के नाम पर भी अवैध कमाई कर के मुर्गा बकरा दारू पार्टी करता होगा और मेन डेंजरस और सपाट पे मै खुद एक घंटे से ज्यादा समय तक रहा पर वहां पर कोई भी फॉरेस्ट गार्ड या वन विभाग का कोई भी कर्मचारी नहीं था अगर गलती से कुछ अचानक कोई घटना या हादसा हो जाता तो वहां पर विभाग के तरफ से कोई




देखने,सुनने और बोलने वाला नहीं था साथ ही यह सोनहत जंगल इतना दूर है कि नेटवर्क भी काम नहीं करता की कोई हादसा होने पर कोई इमरजेंसी कॉन्टैक्ट कर सके और पर्यटको से प्रवेश के रूप में पर्ची काटी जाती है यह भी बड़ी बात है। पर्यटकों के द्वारा बताया गया है कि इसकी शिकायत कलेक्टर और वनमण्डलाधिकारी गुरुघसीदास के पास किया जाएगा। अब विभाग इस दारू बाज और मुर्गा बकरा पार्टी करने वाले बिट गार्ड महेन्द्र पैकरा के ऊपर कब कार्यवाही करती है देखने का विषय है। बरहाल पर्ची के नाम पर मोटी कमाई और सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 को

## अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों के लिए 'श्रेष्ठ योजना' लाभकारी

**कोरिया।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 से प्रारंभ की गई यह योजना, देशभर के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (एनईटीएस) आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से कक्षा 9वीं और 11वीं में विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 12वीं तक की शिक्षा उन्हीं विद्यालयों में पूरी करते हैं। शिक्षा एवं छात्रावास का समस्त व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है, विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही ब्रिज कोर्स के लिए वार्षिक शुल्क का 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त प्रावधान भी है। वर्ष 2026-27 के लिए एनईटीएस परीक्षा का आयोजन दिसंबर 2025 में संभावित है। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 10 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 (शाम 5 बजे तक) खुला रहेगा तथा सुधार विंडो 1 से 2 नवंबर 2025 तक उपलब्ध रहेगी।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** स्थानीय भट्ठापारा निवासी नीरज देवांगन ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पड़ोस में रहने वाली फुलकुंवर उर्फ दरोगिन के मकान में अतवार सिंह तथा उसकी पत्नी मंगली बाई किराये में रहते है। 19.10.2025 के करीब 10.30 बजे फुलकुंवर बताई कि उसके यहां किराये में रहने वाले मंगली एवं उसका पति अतवार दोनों रात में बहुत लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे पूरे रात हल्ला गुल्ला सुनाई दिया है अतवार कहां निकल गया है उसकी पत्नी मंगली बाई अभी तक उठी नहीं है तब यह पड़ोस की महिलाओं के साथ वहां गई देखी की मंगली बेहोश थी जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उपचार के दौरान दिनांक 20.10.2025 को उसकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 577/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी अतवार सिंह पिता रामरती उम्र 38 वर्ष निवासी सागरपुर, थाना रामानुजनगर, वर्तमान पता भट्ठापारा थाना सूरजपुर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि पत्नी रात में खाना नहीं बनाई थी जिससे नाराज होकर मारपीट कर हत्या किया है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विमलेश दुबे व उनकी टीम सक्रिय रही।

## फरार नशीली इंजेक्शन सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम 19.10.25 को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर नशीली इंजेक्शन के विक्रेता राही खान के कब्जे से 48 नग नशीली इंजेक्शन एवं सप्लायर मोहरमनियां, पवन पाटिल व 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को पकड़ा। मोहरमनियां के कब्जे से से 252 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया। मामले में 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के कुल 300 नग नशीली इंजेक्शन जप्त करते हुए विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 4 के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी। इस मामले में एक आरोपी श्रवण कुमार फरार था जिसकी पतासाजी की जा रही थी। चौकी बसदेई पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी श्रवण कुमार पिता स्व. मानसाय उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जमड़ी थाना झिलमिली को पकड़ा। पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक अलका टोप्पो, आरक्षक देवदत्त दुबे, निलेश जायसवाल, अशोक केंवट, अनिल विश्वकर्मा, अशोक सिंह, रामकुमार सिंह व महिला आरक्षक पूनम सिंह सक्रिय रही।

# दीपोत्सव पर्व की रही धूम, जिले में सर्वत्र रौशनी

**कोरिया बैकुंठपुर।** शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा इस मंगलमय श्लोक के साथ पूरा देश दीपों के पर्व दीपावली के उल्लास में डूबा हुआ है। हर ओर समृद्धि, आनंद और प्रकाश का वातावरण है। दीपों की यह ज्योति न केवल घर-आंगन को आलोकित कर रही है, बल्कि हृदयों को भी सकारात्मक ऊर्जा और आशा से भर रही है। दीपावली का यह पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है।

कोरिया जिले सहित पूरे प्रदेश में दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। घरों, बाजारों और मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई है। हर घर में दीपक जलाकर मां लक्ष्मी और श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने धन की देवी लक्ष्मी से समृद्धि, आरोग्य और सुख की कामना की। वहीं विघ्नहर्ता गणेश जी की आराधना कर नए वर्ष की शुभ शुरुआत की प्रार्थना की गई। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष आरती और दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामपुर, स्कूलपारा, महामाया मंदिर, और अन्य प्रमुख स्थलों पर



लोगों ने दीप जलाकर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। बच्चों में पटाखों का उत्साह देखने को मिला, वहीं बड़ों ने मिठाइयों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान कर पारिवारिक रिश्तों में मिठास घोली। बाजारों में दीपावली की चहल-पहल से रौनक बढ़ गई। मिठाई, सजावटी सामान और उपहारों की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने प्रियजनों के लिए उपहार खरीदने पहुंचे। बिजली की रंगीन रोशनी से सजा शहर मानो किसी स्वर्गिक दृश्य की तरह दिख रहा था। दीपावली के अवसर पर प्रशासन ने भी सुरक्षा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की थी। जगह-जगह पुलिस की गश्त, आतिशबाजी पर नियंत्रण और ट्रैफिक प्रबंधन के माध्यम से पर्व को शांति और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संदेश दिया कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और समाज में सद्भावना के प्रसार का प्रतीक है। दीपों की यह ज्योति हर घर में सुख-शांति और समृद्धि लेकर आए—यही भावना सभी के हृदय में जागृत थी। मां लक्ष्मी और श्री गणेश जी की असीम कृपा सभी पर बनी रहे, यही कामना करते हुए हर कोई इस पर्व की पावनता में डूबा नजर आया।

## एग्री स्टैक किसान पंजीयन, गिरदावरी सत्यापन और धान पंजीयन रकबा के संबंध में कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदारों की ली वीडियो कांफ्रेसिंग

**सूरजपुर।** एग्रीस्टेक किसान पंजीयन, गिरदावरी सत्यापन और धान पंजीयन रकबा के संबंध में आज कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा सभी एसडीएम व तहसीलदार की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनआईसी सभा कक्ष में समीक्षा की गई। उन्होने क्रमवार सभी तहसीलदारों से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की अद्यतन जानकारी ली व कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने पटवारी व तहसीलदार स्तर पर सत्यापन व अनुमोदन के लिए शेष पंजीयन को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिन किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में नहीं हुआ है, उनकी सूची ग्राम पंचायत व सहकारी समितियों में चस्पा कराने के निर्देश दिये ताकि बचे हुये किसान शीघ्र पंजीयन करा सकें। इसके साथ ही किसी कारणवश यदि कृषक बंधुओं का पंजीयन नहीं हो पा रहा है तो उनके सही कारण उन्होने सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये ताकि एनआईसी को सही वस्तु स्थिति में अवगत कराकर निराकरण प्राप्त किया जा सके।

**एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन सर्वोच्च प्राथमिकताः कलेक्टर**

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र किसान का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसानों से संपर्क स्थापित कर पंजीयन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# चलती बस से दामाद गिरफ्तार, मुख्य आरोपी के पास से हथियार बरामद

**कोरिया।** कोरिया पुलिस ने एक बेहद जटिल और सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सतर्कता, टीमवर्क और तकनीकी विश्लेषण के चलते इस गंभीर अपराध की गुत्थी सुलझाई गई। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि मुख्य आरोपी के पास से हथियार और कारतूस भी जब्त किए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा और एसपी रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में गिरफ्तारी की रणनीति बनाई गई थी। इस योजना को अंजाम देने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और एसडीओपी राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में बैकुंठपुर कोतवाली, चौकी पोड़ी बचरा और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तेजी से कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि मृतक का दामाद सुरेश ठाकुर उर्फ कानपुरिया (निवासी विनोवा नगर, कानपुर देहात) ने अपने साथी प्रदीप बैरागी (निवासी मंडला, मध्यप्रदेश) के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दोनों को फरार कराने में तीसरे आरोपी सहदेव सूर्यवंशी (निवासी ठगगांव) ने मदद की थी। पुलिस ने चलती बस से सुरेश ठाकुर को पकड़ने में सफलता हासिल की। इस सफलता के साथ कोरिया पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी अपराधी कानून की पकड़ से बच नहीं सकता।

## युवक की कैंची मारकर हत्या, दो सगे भाई गिरफ्तार

**रायपुर।** भाठागांव बीएसयूपी कालोनी जुआ खेलने के दौरान दो सगे भाईयों ने कैची से युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ताहिर हुसैन 29 वर्ष भाठागांव बीएसयूपी कालोनी का रहने वाला था।

## भवानी क्लब द्वारा भव्य काली पूजा का आयोजन

**चिरमिरी।** वार्ड नंबर 36 के भवानी क्लब द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ काली पूजा का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी पूजा पंडाल को आकर्षक रोशनी और मनमोहक सजावट से सजाया गया, जिसने क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंत्री जी ने मां काली की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की और चिरमिरीवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सभापति संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, सदस्य नरेंद्र साहू, संजीत सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम हमारी सदस्य आयुषी सिंह जी के द्वारा आयोजित किया गया, जो अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल रही। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। भवानी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पूजा चिरमिरी की पहचान बन चुकी है और हर वर्ष समाज में एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देती है।

## जुआरी की मौत मामले की जांच शुरू अपर कलेक्टर के नेतृत्व में बनेगी टीम

**सूरजपुर।** पुलिस छापेमारी के दौरान कुएं में गिरकर एक जुआरी की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब प्रशासन ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित कर दी है। यह टीम अपर कलेक्टर के नेतृत्व में कार्य करेगी और एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपेगी। जांच के लिए चार प्रमुख बिंदु तय किए गए हैं, जिन पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। पहला बिंदु यह है कि मृतक बाबूलाल राजवाड़े पिता चंद्रकेश्वर राजवाड़े की मौत कब, कैसे और कहां हुई। दूसरा, इस घटना में पुलिस कर्मियों पर लग रहे आरोपों की सच्चाई की जांच की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि दोषी कौन है। तीसरा, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर विचार किया जाएगा। चौथा, जांच के दौरान सामने आने वाले अन्य तथ्य भी रिपोर्ट में शामिल होंगे। दरअसल, 19 अक्टूबर की रात दिवाली के मौके पर जयनगर थाना क्षेत्र के कुंज नगर में पुलिस ने जुआ खेलने की सूचना पर छापा मारा था। पुलिस को देख कुछ लोग भागने लगे, इसी दौरान बाबूलाल राजवाड़े कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफनारेबाजी की और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। देर रात ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर पत्थरबाजी और तोड़फोड़ की, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कुछ ग्रामीण भी घायल हुए। हालात को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई और जनप्रतिनिधियों तथा एसडीएम की समझाइश के बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों और अस्पताल स्टाफ के साथ मनाई दिवाली

**एमसीबी।** दीपावली की संध्या के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गंवा पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों तथा अस्पताल स्टाफ के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री जायसवाल ने मरीजों और उनके परिजनों तथा अस्पताल स्टाफ को फल एवं मिठाई वितरित की। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर दीपावली का उत्सव मनाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बीमार व्यक्तियों की सेवा और उनका मनोबल बढ़ाना मेरे लिए दीपावली को सार्थक बनाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अस्पताल के स्टाफको भी इस अवसर पर समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# शहीद एएसपी की पत्नी बनी डीएसपी, 9 शर्तों के साथ चंदखुरी पुलिस अकादमी में सेवाएं देंगी स्नेहा गिरिपुंजे

**रायपुर।** नक्सल प्रभावित सुकमा में हुए आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हुए थे. शासन की ओर से अब उनकी पत्नी स्नेहा गिरिपुंजे को अनुकंपा नियुक्ति देते हुए डीएसपी बनाया गया है। डीएसपी के तौर पर स्नेहा गिरिपुंजे की पहली पोस्टिंग चंदखुरी पुलिस अकादमी में मिली है। चंदखुरी पुलिस अकादमी में शहीद एडिशनल एसपी की पत्नी अपनी सेवाएं देंगी। साय कैबिनेट के निर्देश पर अनुकंपा नियुक्ति और पोस्टिंग का आदेश गृह विभाग ने दो दिन पूर्व जारी किया। उनकी पहली पोस्टिंग के साथ उनके सामने 9 शर्तें रखी गई हैं।

शहीद एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे 9 जून को सुकमा जिले के कोंटा में माओवादियों के लगाए आईईडी की चपेट में आ गए थे। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाने के लिए कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर बम प्लांट किया था। इसकी चपेट में आकाश राव गिरिपुंजे आए थे। विस्फोट में एडीओपी और टीआई भी जख्मी हुए थे। 9 सितंबर को कैबिनेट निर्णय के पालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अनुकंपा नियुक्ति नियमों को शिथिल करते हुए विशेष प्रकरण मानकर शहिद एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे की पत्नी स्नेहा गिरिपुंजे को 2 साल के प्रोविजन पर राज्य पुलिस सेवा में डीएसपी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करते हुए पुलिस प्रशिक्षण अकादमी चंदखुरी रायपुर में पदस्थ किया है। प्रोविजन अवधि में निर्धारित प्रशिक्षण पुलिस अकादमी द्वारा तैयार कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के पश्चात ली जाने वाली परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होकर वरिष्ठता का अंतिम रूप से निर्धारण करते समय पुलिस अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में प्राप्त अंकों को भी शामिल किया जा सकेगा। पुलिस अकादमी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा में प्रथम बार में असफल होने पर अधिकारी को प्रशिक्षण केंद्र में आगामी प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। परिवीक्षा अवधि में परीक्षा में असफल रहने पर अधिकारी की सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

## सास ससुर को जिंदा जलाने वाला दामाद गिरफ्तार

**कोरिया।** बैकुंठपुर के ग्राम बड़े साल्ही में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया. हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी मंगलवार को बैकुंठपुर पुलिस ने की. पकड़े गए मुख्य आरोपी के पास से पुलिस ने देशी कट्टा और 7 जिंदा कारतूस बरामद किए. पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी को चलती बस से गिरफ्तार किया गया. बैकुंठपुर पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने सास ससुर को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था. पत्नी पति के डर से मायके में रह रही थी इस बात को लेकर आरोपी अक्सर विवाद करता था और पैसों की मांग करता था.बैकुंठपुर पुलिस के मुताबिक 14 अक्टूबर की रात बचरापोंडी में आगजनी किए जाने की खबर थाने को मिली. शिकायत मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. मौके पर पुलिस ने पाया कि आग में पूरा मकान जलकर राख हो चुका है. घर में मौजूद रायराम की मौके पर ही मौत हो चुकी है. मृतक की पत्नी पार्वती बाई की हालत गंभीर थी. महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई. मरने से पहले महिला ने अपने बयान में बताया कि उसके घर में आग किसी और ने नहीं बल्कि उसके दामाद ने लगाई है. दामाद की इस साजिश में उसके साथी भी शामिल हैं।

## मेडिकल कॉलेज से दो कैदी फरार सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**अंबिकापुर।** जिला मेडिकल कॉलेज के जेल वार्ड से दो बंदियों के फरार होने की सनसनीखेज घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दिवाली की रात करीब 3 बजे दोनों कैदी इलाज के दौरान सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर भाग निकले। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों कैदी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के विशेष जेल वार्ड में भर्ती थे। रात के समय तैनात पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद वे फरार होने में सफल रहे। इस गंभीर लापरवाही पर जिला पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाते हुए ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि फरार बंदियों ने कुछ दिन पहले जेल प्रशासन पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था, जिसके बाद उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, सुरक्षा व्यवस्था में चूक के चलते वे भागने में कामयाब हो गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों कैदियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है और मामले की जांच जारी है। घटना ने जेल वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 1 दिसंबर से लागू होगी आधार आधारित बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) ने मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# बीएसएनएल की कॉलिंग सेवाओं को चाहिए उपचार

## 18 नए मोबाइल टॉवर लगने का किया जा रहा इंतजार

**कोरबा।** सरकारी सेक्टर वाली टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ताओं की संख्या जिले में बढ़ने के साथ कुछ सेवाओं को बेहतर करने के दावे किए गए हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से कॉलिंग सर्विस को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं बनी हुई है। कॉल नहीं लगने से लेकर लगने पर बीच में ही डिस्कनेक्ट होने को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। जबकि कुछ इलाके में इंटरनेट को लेकर भी इसी तरह की मुसीबतें उपभोक्ताओं के सामने है। इन्हें जरूरी उपचार देने की जरूरत महसूस की जा रही है।

कोरबा जिले में कुछ महीने पहले ही जियो, आइडिया और एयरटेल जैसी कंपनियों के द्वारा मंथली टैरिफ में बढ़ोत्तरी किए जाने और बीएसएनएल की ओर से टैरिफ कम करने के साथ आकर्षक प्लान लॉंच करने से कई प्रत्यक्ष परिणाम सामने देखने को मिले। खबर है कि महज दो महीनें में दूसरी कंपनियों के 4 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने अपने-आपको इन कंपनियों से मुक्त करा लिया और ये सभी बीएसएनल के साथ आ गए। एक साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं का साथ मिला तो बीएसएनएल को मजबूती मिली। खबर के अनुसार न केवल कोरबा बल्कि आसपास के जिलों में भी ऐसी ही उत्साहजनक जानकारी सामने आई। बाजार के विश्लेषकों का कहना है कि मौजूदा स्थिति में सामान्य व्यक्ति के पास दो-दो मोबाइल हैंडसेट है और वह कम से कम एक सिम बीएसएनल का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसी स्थिति में उपयोग के लिए हर महीने लेने वाले न्यूनतम रिचार्ज से भी बीएसएनएल आर्थिक मजबूती की तरफ बढ़ रहा है। उसके प्रीपेड और पोस्टपेड ग्राहकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से उसकी माली हालत में पूर्व की तुलना में अपेक्षित सुधार दिख रहा है। ग्राहकों को उम्मीद थी कि आगे और भी अच्छी स्थिति निर्मित होगी। लेकिन एक बार फिर शहर के कुछ हिस्से के साथ-साथ ग्रामीण इलाके में बीएसएनल की नेटवर्क कनेक्टिविटी के बाधित होने के चक्कर में लोग परेशान हैं। वर्तमान में यह चीज सामने आई है कि आसानी से बीएसएनएल मोबाइल से कॉल कनेक्ट नहीं हो रहा है और बहुत प्रयास से ऐसा होता भी है तो बीच में भी डिस्कनेक्शन की झंझट लोगों का सिरदर्द पैदा कर रही है। यह कब और कैसे ठीक होगी, इसका जवाब लोग चाहते हैं।

### नए प्रस्ताव पर काम कब?

सितंबर महीने में भारत संचार निगम लिमिटेड के द्वारा उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक जोनल स्तर पर बिलासपुर में रखी गई थी। इसमें स्थानीय सांसद के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। उनके पत्र पर अधिकारियों की ओर से बताया गया था कि कोरबा जिले में 18 नए टॉवर को मंजूरी दी गई है और जल्द इन पर काम किया जाएगा। प्रतीक्षा है कि यह काम कब तक क्रियान्वित होगा।

## लंबित मामलों पर हुई चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में प्रबंधन कोयला उत्पादन बढ़ाने पर काफी गंभीर है। इसको लेकर एरिया व प्रोजेक्ट में अलग-अलग जेसीसी सदस्यों के साथ चर्चा हुई। एरिया में कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर जेसीसी सदस्यों ने कई सुझाव दिए। गेवरा के द्वारा उत्पादन बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जेसीसी सदस्य रेशमलाल यादव, मदन सिंह, दीपक उपाध्याय ने भी और कई मुद्दों को रखा। इसी तरह गेवरा प्रोजेक्ट में जेसीसी सदस्यों ने लंबित मामलों को सामने रखते हुए कहा कि डंपर ऑपरेटरों के ओवरटाइम के समय को बढ़ाया जाए। इसके अलावा सावेल की कमी व ऑपरेटरों की कमी को भी दूर करने की मांग की गई ताकि कोयला उत्पादन को बढ़ाया जा सके। जेसीसी सदस्य शेख चांद मंसूरी, छंदराम राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कई मांगों को लेकर पूर्व में मांग पत्र सौंपा गया था। अभी तक वह पूरा नहीं हो पाया है। इन सभी मांगों को पूरा करने की जरूरत है ताकि कोयला कामगार उत्साह के साथ काम कर सके।

# थर्ड स्टेज ब्रेस्ट कैंसर के खतरे से जूझ रहे महिला को आयुर्वेद ने किया चिंतामुक्त

**कोरबा।** भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की शक्ति को एक बार फिर प्रमाणित कर दिया है। थर्ड स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही 47 वर्षीय एक महिला, जो चलने-फिरने में भी असमर्थ थी, उन्होंने मात्र छह महीने के शुद्ध आयुर्वेदिक उपचार से कैंसर को मात दे दी है। उनकी हालिया मेडिकल रिपोर्ट्स पूरी तरह सामान्य आ चुकी हैं, जिसे एक चमत्कार के रूप में देखा जा सकता है।

शक्ति जिले की रहने वाली गिरिजा गवेल लंबे समय से ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थीं।जब उनकी यह बीमारी तीसरे चरण तक पहुँच गई, तो चिकित्सा के विशेषज्ञों ने उन्हें तत्काल ऑपरेशन करवाने की सलाह दी।लेकिन गिरिजा के परिवार ने बड़ा फैसला लिया और सर्जरी के बजाय प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेद पर भरोसा जताने का निर्णय किया।

गिरिजा के परिवार ने कोरबा जिले के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य विशेषज्ञ डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा से संपर्क साधा। उस समय रोगी की हालत इतनी गंभीर थी कि वह


मरीज की ननद

क्लिनिक तक चलकर नहीं आ सकती थीं। डॉ.शर्मा को स्वयं क्लीनिक से बाहर निकलकर उनकी गाड़ी में ही जाकर नाड़ी और स्थिति की जांच करनी पड़ती थी।

डॉ.शर्मा के लिए सबसे खुशी का पल वह था, जब छह महीने बाद गिरिजा गवेल अपने पैरों पर चलकर उनके क्लिनिक पहुंचीं। उन्होंने बताया, यह देखकर खुशी का ठिकाना नहीं था. हमने पाया कि मात्र 6 महीने की दवा से ही वह पूर्ण रूप से कैंसर मुक्त हो चुकी हैं। उनकी सारी रिपोर्ट नॉर्मल आ चुकी हैं।

पीड़ित महिला की बहन डेनियल गवेल ने इस पूरे अनुभव को साझा करते हुए बताया कि डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन की अंतिम सलाह दिए जाने के बावजूद, हमने एक बार आयुर्वेद को मौका देने की सोची. उन्होंने कहा की मेरी बहन की कंडीशन बहुत खराब थी. आज वह मात्र 6 महीने में पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी है। इसके लिये डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा को हम बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं, आभार प्रकट करते हैं। क्योंकि जब हम अपनी बहन को लेकर इनके पास आये थे तो हमें बिल्कुल भी भरोसा नहीं हो रहा था की हमारी बहन ठीक हो पायेगी डॉ.साहब ने न केवल दवाइयां दी बल्कि हमारा मनोबल बढ़ाया और भरोसा दिलाया और उसी का परिणाम है की हमारी बहन स्वस्थ हो सकी। इस सफल परिणाम ने आयुर्वेद पर हमारा भरोसा कई गुना बढ़ा दिया है।

### 6 महीने में दिखा परिणाम : डॉ. नागेंद्र



नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने महिला का प्रकृति परीक्षण किया और आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार उनका इलाज शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह उपचार पूरी तरह से आयुर्वेदिक और रोगी की प्रकृति के अनुकूल था। गिरिजा गवेल ने छह महीने तक यह दवा नियमित रूप से ली।

## विधायक राठिया चला रहे हस्ताक्षर अभियान

**कोरबा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा वोट अधिकार को लेकर जनजागरण अभियान चलाते हुए कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक फूलसिंह राठिया के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि सभी ब्लॉकों में हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहे हैं। जिन ब्लॉकों में फार्म की कमी पड़ रही है वहां फार्म पहुंचाया जा रहा है। गेवरा में दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, अनिरुद्ध सिंह, सद्दाम सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हैं। जबकि कटघोरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव के पास भी फार्म भेजा गया है। बांकीमोंगरा के ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर ने बताया कि 300 लोगों से हस्ताक्षर कराए गए हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र के कार्यकर्ता नवल किशोर पंडित, राजेश मानिकपुरी, फिरोज अनंत, कृष्णा दास, परमानंद सिंह, अजय प्रसाद, भुनेश्वरी देवी, धनंजय दीवान, यशपाल कंवर सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा सक्रियता के साथ काम किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के रहमान खान, कुणाल आजाद भी क्षेत्र में सक्रिय हैं।

## नहीं मिल रहे इलेक्ट्रिक ऑटो के पार्ट्स

**कोरबा।** क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ऑटो की संख्या लगातार बढ़ रही है लेकिन इन गाड़ी के मालिकों की मुश्किल यह है कि तकनीकी खराबी का सुधार नहीं होने से उन्हें नुकसान हो रहा है। काफी गाड़ियां खराबी की वजह से खड़ी हो गई है। हैरानी की बात यह है कि महिंद्र इलेक्ट्रिक ऑटो की सप्लाई करने वाले डीलर के द्वारा स्पेयर पार्ट्स के लिए एडवांस पेमेंट लिया जा रहा है लेकिन आपूर्ति करने में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसे में संचालकों के रुपए फस गए हैं और गाड़ियां खड़ी हो जाने से आमदनी नहीं हो पा रही है। उनके सामने परेशानी है कि गाड़ी की किस्त कैसे दें और घर की जरूरतों की पूर्ति कैसे करें। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ऑटो मोबाइल से जुड़ी समस्या को सुलझाने हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## इंटरनेशनल टूर्नामेंट में आकर्षी ने जीता कांस्य पदक

**कोरबा।** भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप, जिन्हें एनटीपीसी कोरबा का सहयोग प्राप्त है, आकर्षी ने चेक ओपन इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

आकर्षी ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन कौशल और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, जो रोमांचक अंकों 20-22, 21-13, 13-21 के साथ समाप्त हुआ। अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आकर्षी ने कहा, यह टूर्नामेंट मेरे लिए एक उत्कृष्ट सीखने का अनुभव रहा और इसने मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमूल्य एक्सपोज़र प्रदान किया है। हर मैच ने मुझे और बेहतर तैयारी करने का अवसर दिया। आकर्षी अब एक सप्ताह तक चेक गणराज्य में नेशनल टीम के साथ प्रशिक्षण करेंगी और इसके बाद जर्मनी में होने वाले हायलो सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेंगी।



## संविदा कर्मियों के नियमितिकरण को लेकर भेजा जाएगा प्रस्ताव

**कोरबा।** विद्युत मंडल में संविदा के आधार पर काम कर रहे कर्मियों को अभी तक नियमित नहीं किया गया है। जिसको लेकर बिजली कर्मचारी रायपुर में धरना दे रहे थे। बिजली कर्मचारी संघ और प्रबंधन के मध्य वार्ता हुई है। जिसमें प्रबंधन ने कहा है कि संविदा कर्मियों को नियमित करने को लेकर प्रस्ताव भेजा जाए। उनको वेतन कितना देना है और अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पिछले दिनों राधेश्याम जायसवाल राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया था। इसमें कोरबा क्षेत्र से अजय मिश्रा, अमर सिंह राठौर, पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर, नवरतन बरेठ सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए थे।

## बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक 25 को

**कोरबा।** बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक 25 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश प्रभारी डॉ. अशोक सिद्धार्थ व डॉ. सुरेंद्र कुरोनिया शामिल होंगे। सेक्टर में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी जाएगी। बसपा के जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष गज्जू चौहान, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष राघवेंद्र कंवर शामिल होंगे। पिछले दिनों जवाली में ली गई बैठक के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। प्रदेश महामंत्री राधेश्याम सूर्यवंशी इस बैठक में शामिल हुए थे। जिसमें पांच सेक्टर में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इधर कोरबा में भी छोटेलाल निराला, अजय निराला, भगवती केमेंडीज, राजकुमारी नारंगे, नीलेश सोनवानी के द्वारा भी लगातार बैठक ली जा रही है।

## प्रकृति और मानव के बीच के संबंध को छात्रों ने जाना शैक्षणिक भ्रमण में

### लक्ष्मी बाई विद्यालय ने कराया ज्ञानवर्धन



**कोरबा।** मानव जीवन के लिए प्रकृति कितना महत्व रखती है और उसकी क्या उपयोगिता है, यह बताने के लिए विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराने की परंपरा है। रानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के नर्सरी से मिडिल तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के समूह की जिम्मेदारी ली।

लक्ष्मीबाई विद्यालय और एके गुरूकुल के विद्यार्थी इसमें शामिल किए गए। उन्हें चकचकवा पहाड़ हनुमानगढ़ी कटघोरा और बहुउद्देशीय हसदेव बांगो बांध परियोजना का भ्रमण कराया गया। कोरबा जिले के ये दोनों क्षेत्र प्रकृति की उदारता से समृद्ध है। यहां पर बायोडायवर्सिटी के साथ-साथ जल तत्व की प्रधानता है। इसके जरिए एक बड़ी सहायता शोध छात्रों के साथ-साथ उन लोगों की हो पा रही है जो वनस्पति की उपस्थिति और उसकी महत्ता को जानने की जिज्ञासा रखते है। विद्यालय के संचालक अक्षय दुबे व उनके सहयोगी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्हें बताया गया कि प्रकृति के साथ जुडक़र मानव सह अस्तित्व को सीखता है और इसके जरिए आगे बढ़ता है। इसलिए हमें हमेशा प्रकृति का उपकार मानना चाहिए।

## इंदिरा संगीत विवि की छात्रा सृष्टि इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन में चयनित

**कोरबा।** इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ की छात्रा सृष्टि शर्मा ने एक टीवी चैनल द्वारा प्रस्तुत इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 11 में छत्तीसगढ़ की म्यूजिकल टीम द रियल सिंफनी एंड एक्रायर (बैंड) द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई । सृष्टि शर्मा का चयन हुआ सेमीफाइनलिस्ट रही।

सृष्टि ने छत्तीसगढ़ के 20 कलाकारों के साथ बैंड रियल सिम्फनी और क्वायर के साथ इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 11के मंच पर सिंगर के रूप मेंअपनी प्रस्तुति दी । जिसमें गोल्डन बजर की प्राप्ति के साथ सेमीफाइनलिस्ट रही। जजों के द्वारा मंच पर गोल्डन बजर के साथ सेमी फाइनलिस्ट घोषित किया गया । सृष्टि शर्मा, श्री मनीष शर्मा एवं माता किरण शर्मा की बेटी है। सृष्टि के पिता साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा एरिया के मानिकपुर में इलेक्ट्रिकल फोरमैन इंचार्ज के पद



पर कार्यरत हैं ।सृष्टि शर्मा बचपन से ही संगीत में रुचि रखती हैं जिन्होंने डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा से पढ़ाई की है। शुरू से ही संगीत में रुचि रखने वाली सृष्टि शर्मा बचपन में चौथी कक्षा में इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में भी भाग लेते आई हैं। वे कोरबा का रियलिटी शो कोरबा सिंगिंग स्टार में भी सेमी फाइनलिस्ट रही है। बताया गया कि दि रॉयल सिंफनी एंड क्वायर के बैंड में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों से कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जगदलपुर एवं सारंगढ़ के लगभग 20 कलाकार हैं। जिन्होंने कई महानगरों में जैसे जयपुर, मुंबई, चंडीगढ़ आदि शहरों में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकीं हैं।

# वेदांता एल्युमीनियम ने विकसित किया नया बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय

## टिकाऊ धातु विज्ञान में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**कोरबा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने धातु विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कंपनी को अपने पहले नए उत्पाद विकास के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है, जो सीसा और टिन रहित बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय से संबंधित है। यह एलॉय पर्यावरण के लिए हानिकारक तत्वों सीसा और टिन के स्थान पर एक सुरक्षित और स्थायी विकल्प प्रदान करता है।



यह नवाचार न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी एक बड़ी प्रगति है। इस एलॉय के लैब परीक्षणों में पारंपरिक एलॉय की तुलना में 30% अधिक चिकनी सतह, 8% अधिक तन्यता शक्ति, 21% अधिक यील्ड स्ट्रेंथ और 17% अधिक कठोरता दर्ज की गई है। वेदांता एल्युमीनियम की इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास टीम द्वारा विकसित यह एलॉय सतत धातु निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसमें खतरनाक तत्वों जैसे सीसा और टिन की जगह बिस्मथ का उपयोग किया गया है, जिससे यह न केवल वैश्विक पर्यावरण मानकों पर खरा उतरता है, बल्कि बेहतर मशीनिंग क्षमता और मजबूत यांत्रिक प्रदर्शन भी प्रदान करता है। यह एलॉय ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल उद्योगों के लिए डिजाइन किया गया है, जहाँ मशीनिंग यानी कटिंग और शेपिंग की प्रक्रियाएँ प्रमुख होती हैं। इसका उपयोग एबीएस मैनिफोल्ड, हाइड्रोलिक मैनिफोल्ड, वाल्व ब्लॉक, ट्रांसमिशन स्लीव, एयर कंडीशनिंग के पुर्जे, स्टीयरिंग योक, ड्राइव शाफ्ट, इलेक्ट्रिकल कनेक्टर जैसे ऑटोमोबाइल पार्ट्स में किया जा सकता है। इसके अलावा, यह कैमरा, घड़ी और मोबाइल फोन के हाउसिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में भी उपयोगी है।

वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा की नवाचार और स्थिरता हमारे अनुसंधान एवं विकास के मूल सिद्धांत हैं। यह पेटेंट हमारे प्रयासों की पुष्टि करता है कि हम न केवल सामग्री विज्ञान में नई सीमाएँ तय कर रहे हैं बल्कि हर चरण में पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी शामिल कर रहे हैं। बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय जिम्मेदार निर्माण का भविष्य दर्शाता है। इस नवाचार की प्रेरणा उद्योग जगत की उस बढ़ती माँग से मिली, जिसमें ग्राहक सीसा और टिन वाले पारंपरिक एलॉय जैसे एए6262 और एए6020 के लिए टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले विकल्प चाहते थे।

इन पारंपरिक मिश्र धातुओं पर नियामक प्रतिबंधों के कारण अब उद्योग एए6061 और एए6082 जैसे ग्रेड का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इनमें सतह गुणवत्ता और मशीनिंग दक्षता की सीमाएँ हैं। वेदांता एल्युमीनियम का नया बिस्मथ-एल्युमीनियम एलॉय इन चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है। यह स्थिरता, प्रदर्शन और मशीनिंग दक्षता का बेहतरीन संयोजन प्रदान करता है, जिससे उद्योग बिना गुणवत्ता से समझौता किए अधिक पारदर्शी और टिकाऊ उत्पादन की ओर बढ़ सकते हैं।

लैब परीक्षणों के अनुसार, यह एलॉय पारंपरिक ग्रेड की तुलना में 8% अधिक तन्यता शक्ति, 21% अधिक यील्ड स्ट्रेंथ, 17% अधिक कठोरता, 30% अधिक चिकनी सतह गुणवत्ता प्रदान करता है। इससे न केवल उत्पादन दक्षता बढ़ती है बल्कि मशीनिंग के दौरान उपकरणों की लाइफ भी लंबी होती है, जिससे ऊर्जा और समय दोनों की बचत होती है। वेदांता एल्युमीनियम का यह पेटेंटेड एलॉय कंपनी की 'नेट जीरो 2050' दृष्टि को मजबूती देता है। यह 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप घरेलू तकनीकी नवाचार को भी प्रोत्साहित करता है। ऐसे नवाचारों के माध्यम से वेदांता एल्युमीनियम न केवल भारत में टिकाऊ औद्योगिक विकास को गति दे रहा है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल धातु विज्ञान और उन्नत निर्माण तकनीकों के नए मानक भी स्थापित कर रहा है।

जिलेवासियों को दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई



पवन गैस एजेंसी
एचपी गैस के डीलर
एसईसीएल कालोनी
कोरबा

## कपिल कुमार श्रीवास्तव का निधन



**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा में अपर डिवीजन क्लर्क के पद पर कार्यरत कपिल कुमार श्रीवास्तव (54 वर्ष) बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि आकस्मिक निधन हो गया। एमआईजी 1/64, महाराणा प्रताप नगर, कोरबा स्थित निवास पर अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात्रि 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में वरिष्ठ लिपिक अमृत श्रीवास्तव के छोटे भाई व प्रतीक श्रीवास्तव और लक्ष्य श्रीवास्तव के पिता हैं। अंतिम संस्कार आज शाम 4.00 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया जाएगा।

जिलेवासियों को दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक बधाई



गोपाल प्रसाद अग्रवाल
कोल ट्रांसपोर्टर एवं ठेकेदार
पुरानी बस्ती, कोरबा









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com